आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 325 ● कटनी ● शुक्रवार, 30 दिसम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष शुक्ल पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

संदिग्ध चीनी महिला को हिरासत में लिया, दलाई लामा को दी थी धमकी

पटना, ईएमएस। दलाई लामा की जासूसी कर रही संदिग्ध चीनी महिला को बिहार पुलिस ने बोधगया से हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बोधगया के कालचक्र ग्राउंड के बाहर इस महिला को हिरासत में लिया। इसी जगह पर दलाई लामा हर रोज प्रवचन देने आते हैं। पुलिस के मुताबिक, इस संदिग्ध महिला जासूस की उम्र लगभग 50 साल है और उसका नाम सॉन्ग शियाओलान बताया गया है।

280 करोड़ की ड्रग्स के साथ दबोचे पाकिस्तानी 12 दिन की हिरासत में

नई दिल्ली,ईएमएस। गुजरात के एक कोर्ट ने राज्य की समुद्री सीमा के पास पकड़े गए 10 पाकिस्तानी नागरिकों को गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (ATS) की 12 दिन की हिरासत में भेज दिया है। गुजरात ॲस और इंडियन कोस्ट गार्ड (ICG) ने खुफिया इनपुट के आधार पर 26 दिसंबर को एक पाकिस्तानी नाव को पकड़ा था। इस दौरान 10 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से 280 करोड़ रुपए की ड्रग्स और हथियारों का जखीरा बरामद हुआ था।

पंचतत्व में विलीन हुई पीएम मोदी की मां हीराबा

अहमदाबाद,ईएमएस। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा मोदी का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वे 100 साल की थीं। हीराबा ने अहमदाबाद के यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर में तड़के 3:30 बजे अंतिम सांस ली। मंगलवार देर रात सांस लेने में तकलीफ होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें कफ की शिकायत भी थी।पीएम मोदी सुबह 7.45 बजे अहमदाबाद पहुंचे।

यहां से वे सीधे गांधीनगर के रायसण गांव में भाई पंकज मोदी के घर गए। उनके पहुंचते ही अंतिम यात्रा शुरू हुई। मोदी कंधे पर पार्थिव देह लेकर शव वाहन तक गए। पीएम पार्थिव देह के पास वाहन में ही बैठे थे। भाई प्रहलाद मोदी भी साथ थे। अंतिम संस्कार सेक्टर-30 स्थित श्मशान घाट में किया गया। पीएम मोदी ने अपने भाईयों के साथ मिलकर उन्हें मुखाग्नि दी। गांधी नगर के सेक्टर-30 स्थित मुक्तिधाम में मोदी परिवार के साथ ही साथ तमाम बड़ी हस्तियां मौजूद थीं। जहां परिवार में पीएम मोदी के बड़े भाई सोमाभाई मोदी, पंकज मोदी के साथ तमाम रिश्तेदार हैं तो वहीं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह राजपूत, गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी, मुख्य सचिव पंकज कुमार और डीजीपी आशीष भाटिया की भी मौजूदगी देखी गई। ॲस्ह ने ट्वीट कर जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतिम संस्कार के बाद अपने सभी तय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बंगाल में अहम प्रोजेक्ट भी लॉन्च किया।

अंतिम संस्कार के बाद सभी तय कार्यक्रमों में शामिल हुए पीएम

ट्वीट किया, च्च्प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबा का सौ वर्षों का संघर्षपूर्ण जीवन भारतीय आदर्शों का प्रतीक है। श्री मोदी ने च्समातृदेवोभवज्ज की भावना और हीराबा के मूल्यों को अपने जीवन में ढाला। मैं पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूं। परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं!

PM मोदी ने लिखा- शताब्दी का ईश्वर चरणों में विराम

ॲस्मोदी ने ट्वीट कर हीराबा के निधन की जानकारी दी। शुक्रवार की सुबह 6 बजकर 2 मिनट पर उन्होंने लिखा- शानदार शताब्दी का ईश्वर चरणों में विराम। मां में मैंने हमेशा उस त्रिमूर्ति की अनुभूति की है, जिसमें एक तपस्वी की यात्रा, निष्काम कर्मयोगी का प्रतीक और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध जीवन समाहित रहा है। मोदी ने आगे लिखा- मैं जब उनसे 100वें जन्मदिन पर मिला तो उन्होंने एक बात कही थी, जो हमेशा याद रहती है कि काम करो बुद्धि से और जीवन जियो शुद्धि से। हीराबा ने जून में ही अपना 99वां जन्मदिन मनाया था। प्रधानमंत्री मोदी उस समय उनसे मिलने आए थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी पीएम मोदी की मां के निधन पर दुख व्यक्त किया, उन्होंने

देश के राजनेताओं ने शोक जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी हीरा बा के निधन से पूरे देश में दुख की लहर है। आज लोग हीरा बा को ऐसी महिला के रूप में याद कर रहे हैं, जिन्होंने नरेंद्र मोदी जैसे पुत्र को जन्म दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया- मां एक व्यक्ति के जीवन की पहली मित्र और गुरु होती है। जिसे खोने का दुख निःसंदेह संसार का सबसे बड़ा दुख है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लिखा- हीराबा जी का संघर्षपूर्ण व सात्विक जीवन सदैव प्रेरणादायक है, जिनके वात्सल्य व सत्यनिष्ठा से देश को यशस्वी नेतृत्व मिला। मां का जाना अपूरणीय क्षति है, इस रिक्तता की पूर्ति असंभव है।

सड़क हादसे में क्रिकेटर ऋषभ पंत गंभीर रूप से घायल

रुड़की , एजेंसी। क्रिकेट की दुनिया के लिए शुक्रवार को सुबह-सुबह एक बुरी खबर आई। भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत की कार का एक्सीडेंट हो गया है। वह बुरी तरह चोटिल हैं। खबरों की मानें तो उनके पैर में गभीर चोट है और उन्हें देहरादून मैक्स में भर्ती कराया था। अब उन्हें दिल्ली ले आया जा रहा है। कार का एक्सीडेंट कितना भयानक था इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि डिवाइडर के परखच्चे उड़ गए।खबरों की मानें तो पंत के पैरों में गंभीर चोट आई है। इसके अलावा वायरल तस्वीर में आप देख सके हैं कि उनकी पीठ में भी काफी चोट है।

भयानक टक्कर से कार में लगी आग, डिवाइडर के भी परखच्चे उड़े

खबरों की मानें तो पंत दिल्ली से घर लौट रहे थे। इस दौरान उनकी कार डिवाइडर से जा टकराई। हालांकि, इसके पीछे के कारणों का पता नहीं चल सका है।

वायरल तस्वीर में सिर पर भी दिख रही चोट

वायरल तस्वीर में पंत बेड पर लेटे दिख रहे हैं। तस्वीर में देखा जा सकता है कि उनके सिर में भी चोट है।

जलने लगी थी कार

रिपोर्ट्स के अनुसार, भयानक हादसे के बाद कार में आग लग गई थी। तस्वीर में आप देख सकते हैं कि कार बुरी तरह जल गई है।

मां को सरप्राइज देने रुड़की आ रहे थे

भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत मां को सरप्राइज देने के लिए बिना बताए मां के पास रुड़की आ रहे थे। उनका तीन दिन उत्तराखंड में रुकने का प्लान था। बेटे की कार दुर्घटनाग्रस्त होने का पता चसलने पर मां सरोज पंत सक्षम अस्पताल पहुचीं। बताया कि वह तीन दिनों से रिषभ से रुड़की आने के लिए कह रही थी। उन्हें सरप्राइस देने के लिए वह बिना बताए दिल्ली से रुड़की आ रहे था।

अब हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा कर सकेंगे बुजुर्ग

भोपाल,यशभारत। मध्यप्रदेश के बुजुर्गों के लिए यह अच्छी खबर है, क्योंकि राज्य सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में अब सिर्फ बस, रेल से ही यात्रा नहीं कर सकेंगे, बल्कि उन्हें हवाई जहाज से भी धार्मिक स्थलों तक जाने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के अनुरूप मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में अब बस और रेल यात्रा के बाद हवाई यात्रा के द्वारा भी बुजुर्गों को दूरस्थ तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जाएगी। नए वर्ष में हवाई तीर्थ दर्शन यात्राएं प्रारंभ होंगी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अप्रैल, 2022 से काशी विश्वनाथ की तीर्थयात्रा के साथ पुन प्रारंभ की गई है।मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना प्रारंभ करने वाला देश का पहला राज्य है मध्यप्रदेश। मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना को देश के विभिन्न राज्यों ने अपने यहां लागू किया है। ज्ञात हो कि राज्य में वर्ष 2012 में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुजुर्ग नागरिकों के लिए तीर्थ यात्रियों के लिए प्रारंभ की थी। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी धर्मों के तीर्थ स्थलों को शामिल किया गया है। इस योजना के तहत राज्य के 60 वर्ष की आयु से ज्यादा के बुजुर्गों को तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जाती है। इस यात्रा के दौरान असहाय लोगों को अपने साथ एक सहायक ले जाने का प्रावधान भी है।

सबसे बड़ी ड्रग खेप में अफगानी माफिया से जुड़े तार

इंदौर के पब-रेस्त्रां में सप्लाई हुई ड्रग

इंदौर, ई एमएस। युवाओं की रगों में दौड़ रहा सफेद जहर अफगानिस्तान से आ रहा था। अफगानी माफिया विभिन्न तरह का रा-मटेरियल (ड्रग) भेजता था। यह खुलासा सबसे बड़ी ड्रग खेप की जांच में हुआ है। क्राइम ब्रांच को महिला तस्कर महजबीन के मोबाइल में माफिया के नंबर भी मिले हैं। माफिया वाट्सएप पर फोटो भेजकर ड्रग भेजने के संबंध में चर्चा कर रहा था।शहर के पब-रेस्त्रां और बड़े होटल नशे के अड्डे बन चुके है। बड़ा माफिया पैडलर्स के जरिए किसी भी इलाके में ड्रग मुहैया करवा देता है। रेल और हवाई सेवा के कारण शहर में आसानी से ड्रग की सप्लाई हो जाती है। 70 करोड़ रुपये की मिथाइलीनडाईआक्सी मैथेमफेटामाइन (एमडीएमए) में तो अफगानिस्तानी तस्करों के लिंक मिले हैं।

6 देशों से आने वालों के लिए RT-PCR जरूरी:IAT

बोला- निराशाजनक फैसला, एयर ट्रैवल पर बुरा असर होगा

नई दिल्ली,ईएमएस। देश में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच सरकार एक्टिव नजर आ रही है। केंद्र ने गुरुवार को 6 देशों से आने वाले पैरेंजर्स के लिए RT-PCR टेस्ट जरूरी कर दिया। 1 जनवरी से चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हॉन्गकॉन्ग, थाईलैंड और सिंगापुर से आने वाले यात्रियों को 72 घंटे पुरानी निगेटिव रिपोर्ट देनी होगी। ग्लोबल एयरलाइंस के35ग्रुप IAT (इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन) ने सरकार के इस फैसले को निराशाजनक बताया। IAT ने को कहा कि भारत में इंटरनेशनल पैरेंजर्स के लिए कोरोना टेस्टिंग फिर शुरू की गई है। यह फैसला निशानाजनक है क्योंकि अभी की स्थिति तब से बहुत अलग है जब महामारी की शुरूआत हुई थी। लोग कोरोना टेस्टिंग कराने से बचते हैं, इसीलिए सरकार के फैसले का एयर ट्रैवल पर बुरा असर होगा। 1 जनवरी से 6 देशों से आने वाले पैसेंजर्स के लिए 72 घंटे पुरानी निगेटिव रिपोर्ट दिखाना जरूरी होगा। कोरोना की एडवांस तैयारियों को लेकर मनसुख मांडविया और फार्मा कंपनियों के बीच वर्चुअल मीटिंग की।

देश में सर्द हुआ मौसम...रात में बढ़ी ठंड

6 राज्यों में नए साल पर छाया रहेगा घना कोहरा

नई दिल्ली, ईएमएस। देश में सर्दी बढ़ने लगी है। उत्तर भारत के साथ अब मध्य भारत में भी ठंड का असर दिखने लगा है। भोपाल में बीती रात पारा 9.4 डिग्री पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, 2023 के पहले दिन पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। इसके साथ ही घना कोहरा भी छाए रहने की संभावना है।वहीं, अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर-पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की उम्मीद है। वहीं, 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में कोल्ड डे रहने की संभावना है। हालांकि इसके बाद फिर तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी और शीत लहर फिर से शुरू हो जाएगी।दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत को फिलहाल ठंड से थोड़ी राहत मिलती नजर आ रही है।

भूख हो सकती है वजह

उमरिया जिले में फिर हुई एक बाघ की मौत

उमरिया, यशभारत। मध्यप्रदेश में बाघों कर मौत का सिलसिला जारी है। उमरिया जिले के रेगुलर फारेस्ट में एक बाघ का शव मिला है। मृत बाघ 12 से 14 वर्ष का बताया जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए घुनघुटी रेंजर अर्जुन सिंह बाजवा ने बताया कि संभवतः बाघ की मौत स्वाभाविक रूप से हुई है। बाघ के शरीर में किसी तरह की चोट के कोई निशान देखने को नहीं मिले हैं। हालांकि, अभी विशेषज्ञ मौके पर नहीं पहुंचे हैं और ना ही शव का परीक्षण किया गया है। रेंजर का कहना है कि विशेषज्ञों के मौके पर पहुंचने के बाद जब शव का परीक्षण हो जाएगा। इसके बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकेगा।बताया गया है कि बाघ की मौत की जानकारी शुक्रवार की सुबह प्रकाश में आई। गांव के लोगों और वन विभाग के कर्मचारियों ने बाघ के शव को जंगल के अंदर देखा था। इसके बाद अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद वन विभाग का अमला सक्रिय हुआ और घटनास्थल पर पहुंच गया। बाद में इस घटना की जानकारी बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के डॉक्टरों को दी गई, और उन्हें मौके पर आने के लिए कहा गया। बताया गया है कि बाघ का शव उमरिया वन मंडल के घुनघुटी रेंज अंतर्गत कंचोदर बीट में मिला है। कंचोदर और रोगड़ के मार्ग पर स्थित जंगल में बाघ का शव पड़ा हुआ था। यह जानकारी भी सामने आई है कि यह बाघ काफी दिनों से बीमार था।

बांधवगढ़ के पास पुलिस ने रोकी अभिनेता सुनील शेट्टी की कार, सेल्फी लेने के लिए उमड़े लोग

डिंडौरी, यशभारत। जबलपुर से वाया शहपुरा होते हुए बांधवगढ़ जाने के दौरान फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी अल्प समय के लिए जिले के तहसील मुख्यालय शहपुरा में रुके। इस दौरान थाना प्रभारी सहित पुलिस बल व अन्य आमजन के बीच फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी के साथ सेल्फी लेने की होड़ मची रही। शहपुरा थाने के पास सामान्य जांच के दौरान जब वाहन को रोका गया तो उसने सुनील शेट्टी सवार थे, बाहर उतरने पर उनके साथ सभी ने सेल्फी ली।सामान्य चर्चा के दौरान शेट्टी ने बताया कि वे नया वर्ष मनाने बांधवगढ़ जा रहे हैं।

मेरी आवाज से मुझे पहचाना जाए यही मेरी सफलता: तुषार जोशी

जबलपुर यश भारत। हालिया रिलीज हुई ब्रह्मास्त्र मूवी के रसिया सॉग से चर्चा बटोर रहे बॉलीवुड सिंगर तुषार जोशी से यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला द्वारा खास मुलाकात की गई। जिसमें उन्होंने जबलपुर से मुंबई तक के सफर और उसके बाद अपनी सफलता की पूरी कहानी बताई । तुषार जोशी मूलतः जबलपुर के रहने वाले हैं और 2009 से मुंबई में रह रहे हैं। जहां उन्होंने बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ मराठी व दक्षिण भारतीय भाषाओं में गाने गाए हैं । जिसको लेकर उन्होंने प्राइम टाइम में खुलकर चर्चा की जिसे आप यश भारत के न्यूज़ चैनल व यश भारत के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विस्तार से देख सकते हैं।

जग्गा जासूस से शुरुआत

चर्चा के प्रारंभ में कार्यक्रम के संचालक आशीष शुक्ला द्वारा संगीत की यात्रा के विषय में पूछा गया तो तुषार जोशी द्वारा बताया गया कि वह 2009 में जबलपुर से मुंबई गए थे। इसके पहले उन्होंने संगीत की प्रारंभिक शिक्षक जबलपुर के भारतखंडे संगीत विद्यालय से प्राप्त की थी । फिर मुंबई में उन्होंने बाकी संगीत का ज्ञान अर्जित किया जिसके बाद 2016 में उन्हें पहली बॉलीवुड फिल्म में अपनी आवाज देने का मौका मिला जो । ?िल्म जग्गा जासूस जिसके लिए उन्होंने 2 गाने गाए । फिल्म म्यूजिकल थी इस कारण जगह-जगह उनकी आवाज का प्रयोग रणवीर सिंह के लिए किया गया। हालांकि फिल्म इतनी सफल नहीं रही लेकिन फिल्म के गाने बहुत से लोगों के आज भी फेवरेट बने हुए हैं।

मन में संतुष्टि का भाव

चर्चा के दौरान तुषार जोशी ने बताया कि वह अपने कैरियर से संतुष्ट हैं और अभी तक उन्होंने जो अर्जित किया है उससे बहुत खुश हैं। लेकिन कभी भी प्रयास नहीं छोड़ना चाहिए और लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक एक कदम आगे बढ़ने से ही सफलता मिलती है । लेकिन सफलता के पीछे पागल नहीं होना चाहिए । अभी तक उन्हें जो भी प्राप्त हुआ है उससे बहुत संतुष्ट है। उनका मानना है कि जब उन्हें उनकी आवाज से पहचाने जाने लगेगा और लोग उनकी आवाज सुनकर पहचान जाएंगे कि यह गाना तुषार जोशी ने गाया है यही उनकी सच्ची सफलता होगी । इसके अलावा उन्होंने बताया कि उन्हें जो पहला गाना जग्गा जासूस मूवी में गाने मिला था मुसाफिर और उसके बाद अभी का हालिया आखिरी गाना रसिया उनके दिल के करीब है ।

यश भारत कार्यालय पहुंचे गायक तुषार जोशी को यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला द्वारा अरुणोदय पंचांग की प्रति भेंट की गई इस मौके पर व्यवसाई रितेश त्रिवेदी भी मौजूद रहे।

यश भारत प्राइम टाइम विद आशीष शुक्ला में बॉलीवुड सिंगर तुषार जोशी से खास चर्चा

गेट से ही कर दिया बाहर

तुषार से आशीष शुक्ला द्वारा जब पूछा गया कि उन्होंने रियलिटी शो की जगह सीधे इंडस्ट्री में जगह बनाई है तो उन्हें ऐसे में कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जिसके जवाब में तुषार ने बताया कि उन्होंने एक बार रियलिटी शो में जाने की कोशिश की थी लेकिन उन्हें दरवाजे से ही बाहर का रास्ता दिखा दिया। जिससे बेहद हतो उत्साहित हुए। लेकिन यह उनकी सफलता के लिए कहीं न कहीं यह एक फायदेमंद साबित हुआ और उन्होंने उसके बाद अपने गायन पर और मेहनत की और अपने आप को निखारा । फिर वह एक-एक सीढ़ी चढ़कर सफलता की ओर आगे बढ़े। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि वे कई बड़े गायकों के साथ भारत ही नहीं भारत के बाहर स्टेज शो करते हैं जिसमें उन्हें काफी सराहना मिलती है । साथ ही साथ अब वे अपने नाम से स्टेज शो कर रहे हैं।

राजकिशोर बने फिजिकल एजूकेशन फाउंडेशन के जिला समन्वयक

कटनी, यशभारत। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन आफ इंडिया द्वारा राज किशोर पटेल को जिला समन्वयक बनाने पर सभी जिला खेल संघों ने दी बधाई दी है। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन आफ इंडिया के राष्ट्रीय सचिव डा. पीयूष जैन की अनुसंशा पर फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन आफ इंडिया मध्यप्रदेश चैप्टर के सचिव डा. योगेंद्र सिंह कुशवाहा ने कटनी जिले मे योगाचार्य राज किशोर पटेल को कटनी जिले का जिला समन्वयक नियुक्त किया गया है श्री पटेल के जिला समन्वयक बनाए जाने पर कटनी जिले के सभी खेल संघों के अध्यक्ष व सचिवों के साथ ही साथ कटनी जिले के वरिष्ठ खिलाडी के.एल.कनकने,संगम लाल जायसवाल, अलोक जोसफ, ब्रजमोहन प्यासी, म्रणाल बैनर्जी, अर्चना मनोध्या, जगदीश गुप्ता, सुनील श्रीवास, अब्दुल इस्ताख, राजू अहिरवार, जिला खेल अधिकारी विजय भार,राजेश मनोध्या जिला कुस्ती कोच चंदन चक्रवर्ती, समन्वयक कटनी वीरेंद्र पाडें, समन्वयक विजराघवगढ़ उमा चडार, समन्वयक चेतना झा के अलावा कटनी जिले के समस्त खेल प्रेमियों ने हर्ष जताया।

नववर्ष का स्वागत स्वाद्विष्ट व्यंजनों के संग

कटनी, यशभारत। टेवाईट महाविद्यालय में नववर्ष की पूर्व संध्या में छात्रों ने व्यजंन बनाया और केक सजाओं प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया। जिसमें छात्राओं के 20 समूह प्रतिभागियों ने भाग लिया। खाद्य व्यंजनों का समुचित पौष्टिकता का संतुलन बनाकर छात्राओं ने महाविद्यालय केन्टीन में ही निर्माण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर श्रीमति प्रीति सूरी, एम.आई.सी. सदस्य बीना बैनर्जी शकुन्तला सोनी ने अपनी उपस्थिति से छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। महापौर प्रीति सूरी ने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा का महत्व बहुमुखी कलाओं के विकास के साथ पूरा होता है। और विश्वविद्यालयीन डिग्री के अलावा खेल, संस्कृति, समाजसेवा, पारिवारिक दायित्व स्वास्थ संबधी ज्ञान होना भी अनिवार्य है। तब ही हम विकासशील देश के विकास में योगदान कर सकते है। महापौर प्रीति सूरी ने व्यजंन निर्माणकला में प्रथम पुरूस्कार अंजुला विश्वकर्मा, मोना महोविया, टिवीकंल विश्वकर्मा, साक्षी तिवारी, आशना जैन, स्वीटी यादव समूह को प्रदान किया। द्वितीय पुरूस्कार बीना बैनर्जी ने सोनम कपूर, नंदीनी मरकाम, ऑचल पटेल, प्रियांशु, कृष्णा साहू, अनुस्का मिश्रा समूह को प्रदान किया। एवं तृतीय पुरूस्कार शकुन्तला सोनी ने आराधना पाण्डे, भूमिका रावत, रेशमी साहू, कंचन सिंह समूह को प्रदान किया। केक सज्जा में प्रथम पुरूस्कार आराध्या गुप्ता, द्वितीय पुरूस्कार काजल मसीह तथा तृतीय पुरूस्कार सुस्मिता समदानी को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन संयोगिता त्रिपाठी ने किया एवं प्राचार्य डा. जैनेन्द्र द्विवेदी ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया। नववर्ष के आयोजन को सफल बनाने में डा. पूनम मिश्रा, नीतू चौबे, रशिमी वर्मा, शिशॉक जैन, अजय दुबे, शरद पटेल, इमरान खान ने योगदान किया।

कुरुक्षेत्र अधिवेशन में शामिल हुये कटनी के अधिवक्ता

कटनी, यशभारत। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद का 16वें राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ 26 से कुरूक्षेत्र में हुआ जिसका समापन 28 दिसंबर को किया गया। कार्यक्रम में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधिपति के अतिरिक्त पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के साथ मप्र दिल्ली के न्यायाधीशों के साथ सम्पूर्ण भारतवर्ष के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित थे। कटनी जिले से वरिष्ठ अधिवक्ता भरत अग्रवाल, रामजी यादव, पूर्व अधिवक्ता संघ सचिव मनीष शुक्ला तथा शासकीय अधिवक्ता कमल पांडे आदि अधिवक्ताओं कटनी का प्रतिनिधित्व किया।

कोविड के खतरे के बीच उम्मीदों का नया साल

कई विकास कार्यों के पूरा होने की उम्मीद, कुछ रहेंगे अधर में, कोविड से बचाव के प्रयास भी जरूरी, राजनीति के लिए अति महत्वपूर्ण साल

कटनी, यशभारत। कटनी के लिए वर्ष 2023 उम्मीदों का साल होने वाला है। जिले में चल रहे कई ऐसेा विकास कार्य हैं जिनके इस साल पूरे होने की उम्मीद है। कोविड का खतरा फिर से मंडरा रहा है ऐसे में लोगों को सावधानी पूर्वक नए वर्ष का जश्न मनाना चाहिए। हालांकि अभी तक कटनी में कोविड का कोई भी मामला सामने नही आया है, लेकिन समीपी जिले जबलपुर में कोविड का अमेरिका से लौटी महिला के पाजीटिव मिलने और उसकी लंबी ट्रेवल हिस्ट्री मिलने के बाद कटनी के लिए भी यह खतरे का संकेत है।

विदेशी सैलानियों पर नजर

आपको बताना जरूरी है कि कटनी से होकर देश के प्रमुख टाइगर रिजर्व बांधवगढ़ एवं पन्ना सैलानियों का आना जाना रहता है। लिहाजा कटनी को संवेदनशील माना जाना चाहिए सिर्फ देश ही नहीं विदेशों से भी यहां पर्यटकों का आगमन होता है। बहरहाल गुजरते वर्ष 2022 में कोविड से निजात पाकर लोगों ने राहत की सांस ली थी। पूरा साल कटनी में ऐसे किसी भी मामले से भय नहीं हुआ। धीरे धीरे पाबंदियां भी हटीं तो लोगों ने साल 2022 की आगवानी की। साल बीता भी ठीक लेकिन अंतिम माह में फिर से कोविड के नए वेरियेंट के देश के कई शहरों में आने के बाद चिंता बढ़ने लगी जो अभी भी लोगों के मन में है।

विकास के कार्यों के पूरा होने की उम्मीद

नए साल में कटनी में कई ऐसे बड़े विकास कार्यों के पूरे होने की उम्मीद है जो बीते कई सालों से अधूरे पड़े हैं। हालांकि खुशखबरी यह भी है है कि कटनी में ऐतिहासिक ढंग से चले विकास कार्यो की फेहरीस्त में कटनी नदी पर नए पुल का निर्माण भी शामिल है जो अब पूरा हो गया है अगले एक दो दिन में इसे जनता के आवागमन के लिए भी शुरू करने की खबर है। ठीक ऐसे ही कटनी में सर्वसुविधा युक्त खेल मैदान का निर्माण भी इस साल होने की उम्मीद है। इसके लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है।

क्या किसानों को फसलों के लिए पानी मिलेगा

जिले में विगत कई सालों से चल रहे बरगी दायीं तट नहर की टनल का निर्माण भी शायद साल 2023 में पूर्ण हो जाए। इस टनल के निर्माण के बाद नहरों में पानी से कटनी के एक बड़े भूभाग पर किसानों को फसलों के लिए पानी मिलने की उम्मीद है । सिर्फ यही नहीं अगर टनल से लिफ्ट के जरिए कटनी नदी में पानी पहुंचाने की कोशिश होती है तो कटनी जिले में हमेशा के लिए जल संकट का निदान भी इससे हो सकता है। विकास कार्यो के लिए इस महत्वूर्ण साल में कटनी के सुरकी टेंक में पार्क का निर्माण भी इस साल शायद जनता को सुकून दे सकता है। इसी तरह महिला महाविद्यालय का निर्माण जो लगभग पूरा हो गया है नए साल में कटनी से गर्ल्स कालेज के नए भवन में शिफ्ट होने के उम्मीद है।

ये काम जिनके पूरा होने का इंतजार पता नहीं कितना लंबा

कुछ काम ऐसे भी हैं जो शुरू तो हुए लेकिन इनके इस साल भी पूरे होने की संभावना कम ही है। इनमें से एक है कटनी में सीवर लाइन का प्रोजेक्ट शहर की जल निकासी की समस्या को खत्म करने वाले इस प्रोजेक्ट से निर्माण ऐजेंसी ने हाथ खींच लिए हैं। अब नए साल में दोबारा इस पर काम कब शुरू हो पाता है यह देखने वाला होगा। कटनी में रेलवे से संबंधित कई निर्माण और विकास कार्य चल रहे हैं। नए साल में यह कटनी को और अधिक ,ख्याति दिला सकते हैं। रेलवे कटनी के तीनो रेल स्टेशनों में विकास के कई काम करा रहा है इनके इस साल पूरे होने की उम्मीद है। इसी तरह रेलवे के कटनी से राष्ट्रीय महत्व के प्रोजेक्ट ग्रेड सेपरेटर ओव्हर ब्रिज के भी इस नए साल में पूरा होने की कुछ उम्मीद है। यह ग्रेड सेपरेटर ओव्हर ब्रिज देश ही नहीं दुनिया में अनूठा ऐसा ब्रिज होगा जिस पर से एक लंबे रेल खंड से ट्रेनें ब्रिज से गुजरेंगी। ग्रेड सेपरेटर ओव्हर ब्रिज मंझगवां स्टेशन से एनकेजे के आगे तक निकलेगा इसका एक बड़ा हिस्सा कटनी के शहरी क्षेत्र से होकर गुजरेगा जैसे मिशन चौक, भट्टा मुहल्ला रोड के किनारे से होता हुआ गायत्री नगर के एक बड़े हिस्से में यह एक तरह का अजूबा रहेगा। उम्मीद के इस साल में बस लोगों की यही दुआ है कि बीते वर्ष की ही तरह कोविड जैसा खतरा न आए तभी नए वर्ष को सुखद माना जाएगा। वैसे कटनी के निवासियों में जागरूकता तो आई है। सरकारी आंकड़ों में कटनी जिले में वैक्सीनेशन का कार्य भी काफी अच्छा हुआ है अतः कोरोना के खतरे की संभावना कम ही है। साल दर साल गुजरना स्वाभाविक प्रक्रिया है साल में कुछ नया हो लोगों को राहत मिले यही सभी की इच्छा होती है। कटनी जिला एक विकासशील जिला है लिहाजा यहां उम्मीदों का क्रम कभी खत्म होने वाला नहीं है।

राजनीतिक रूप से काफी महत्वूपर्ण होगा नया साल

राजनीतिक रूप से भी यह साल प्रमुख राजनीतिक दलों के लिए उम्मीद लेकर आया है। कांग्रेस इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कटनी की चारों विधानसभा सीट पर दावा करती दिख रही है तो वहीं भारतीय जनता पार्टी अपने प्रदर्शन को दोहराने के साथ साथ बड़वारा सीट पर फिर से काबिज होने की रास्ता ढूढ रही है। कटनी जिले में यह विधानसभा आने वाली राजनीति में बहुत महत्व रखेगी। सत्ता पक्ष और विपक्ष के लिए सरकार में आने का मौका इसी साल मिलेगा। देखा जाए तो अब केवल 6 माह ही ऐसे बचे हैं जिनमे जनप्रतिनिधियों को पूरी तरह से स्वतंत्रता मिलेगी। यही समय उनके प्रामाणिक होने का भी वक्त है। लिहाजा आने वाला नया साल राजनीतिक दृष्टि से काफी अहम होगा। देखा जाए तो दो प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ इस साल आम आदमी पार्टी की ताकत की भी परीक्षा होने वाली है।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह

रोजाना 4 शो ता. 23 से
सुबह 11-2डी, 2.30-3डी, 6-3डी एवं रात्रि 9.30-2डी बजे से
अवतार
3D
(हिन्दी में)
टिकट रेट
3डी- 250/-, 220/-,150 /-
2डी - 250/-, 230/-,190 /-
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
कॉमेडी का नया तड़का क्रिसमस और नये वर्ष में सपरिवार देखने योग्य फिल्म
रोजाना 5 शो ता. 23 से
सुबह 10.45, 1.15, 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से


सर्कस
कलाकार- रणवीर सिंह, पूजा हेगड़े, जैकलिन फर्नांडिस, वरूण शर्मा आदि।
टिकट रेट
300/-
220/-
150 /-
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

पंप ऑपरेटर के मानदेय का कलेक्टर ने कराया भुगतान

पिछले 10 महीने से रूकी हुई थी राशि

कटनी,यशभारत। नलजल योजना अंतर्गत पम्प आपरेटर के मानदेय भुगतान के संबंध में कारीतलाई भ्रमण के दौरान कलेक्टर को एक शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमें बताया गया था कि पंप ऑपरेस्टर विनय विश्वकर्मा को पिछले 10 महीने से उसके मानदेय का भुगतान नहीं किया गया। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा शिकायत को संज्ञान में लेते हुए कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ जिला कटनी को निर्देशित किया जिसके संबंध में विनय विश्वकर्मा द्वारा ग्राम पंचायत कारीतलाई में 10 माह से पम्प आपरेटर का कार्य करने के उपरान्त भी मानदेय न मिलने संबंधी शिकायत को दूर किया गया। प्रकरण पर कार्यवाही कर विनय विश्वकर्मा को पम्प आपरेटर की मानदेय की राशि रु.20000 का भुगतान ईदृग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से उनके बैंक खाता में किया जा चुका है।

नीरज सिनेप्लेक्स में

कॉमेडी का जबरदस्त तड़का
रोजाना 3 शो ता. 23 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
सर्कस
कलाकार- रणवीर सिंह, पूजा हेगड़े, जैकलिन फर्नांडिस, वरूण शर्मा आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 100/-
लोवर क्लास-60/-
बॉक्स- 120/-
अपर क्लास-80/-

कार्यालय-संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संभाग-कटनी
क्रमांक 1000/सं.अ./संभाग/कटनी/2022 दिनांक 26/12/2022
भूखण्ड/भवन नामनी हेतु सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शांति नगर कालोनी कटनी का भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस1 11 श्रीमति तारा बाई जैन पति स्व. श्री राम कुमार जैन के नाम आबंटित है। श्रीमति तारा बाई जैन ने अपने पुत्र ऋषभ जैन को नामनी बनाने हेतु आवेदन किया है।
यदि श्री ऋषभ कुमार जैन पिता स्व. श्री राम कुमार जैन को भवन का नामनी बनाने में किसी व्यक्ति/पारिवारिक सदस्यों/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को कोई आपत्ति है तो वे ठोस प्रमाण के साथ अपनी आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के उपरांत 15 दिवस की अवधि के अंदर अधेहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति न होने पर नामनी बनाये जाने की कार्यवाही कर दी जावेगी। इसके पश्चात कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।
संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संभाग-कटनी

यश भारत

सिटी न्यूज

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

कटनी, शुक्रवार, 30 दिसम्बर 2022

14 साल बाद मिलेगी कटनी नदी पुल की सौगात

चांडक चौक में अस्थायी अतिक्रमण हटने के बाद 31 दिसंबर या 1 जनवरी से शुरू हो सकता है आवागमन

कटनी, यशभारत। कटनी नदी पर बनकर तैयार नए पुल से नए साल से आवागमन शुरू होने जा रहा है। शहरवासियों को एक जनवरी को नए पुल की सौगात मिलने जा रही है, हालांकि अभी भी डिवाइडर, आरसीसी क्रैश बैरियर सहित कुछ काम बाकी है। इसके अलावा चांडक चौक की ओर जमे अस्थायी कब्जों को भी हटाया जाना है। जिन्हें आज हटाया जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि 31 दिसंबर या 1 जनवरी से आवागमन शुरू हो जाएगा। कटनी नदी पुल का निर्माण कार्य पूरा होने और आवागमन शुरू होने की खबर से शहर के लोगों ने राहत की सांस ली है। शहर के लोगों को अब इस मार्ग पर रोज-रोज लगने वाले जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा।

यश भारत
खबर विशेष

कटनी नदी पर बनकर तैयार नए पुल से जल्द से जल्द आगवामन शुरू कराने आज सुबह से ही काम जारी है।

इनका कहना है

कटनी नदी में नए पुल का निर्माण जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। जिससे नए पुल से आवागमन शुरू हो सके और लोगों को इस मार्ग पर जाम की वजह से परेशान न होना पड़े। अतिक्रमण हटाने के साथ ही एप्रोच का काम कराने के लिए कहा गया था। ब्रिज का काम कम्प्लीट होने के बाद एक जनवरी से आवागमन शुरू कराया जा रहा है।

-अवि प्रसाद, कलेक्टर

निर्देशों के बाद हटाए जा रहे कब्जे

पुल का निर्माण कार्य पूर्ण होन के बाद एप्रोच के निर्माण ठेकेदार को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। चांडक चौक की ओर एप्रोच बनाने में अस्थायी अतिक्रमण रोड़ा बनकर खड़े रहे। इन अस्थायी कब्जों को हटाने के लिए निर्माण एजेंसी द्वारा कईयों बार नगर निगम को पत्र लिखा गया था और कब्जों को हटाने के लिए कहा गया था। कब्जे नहीं हटे तो निर्माण एजेंसी ने इन कब्जों के सामने से एप्रोच बना दी। बताया जाता है कि कलेक्टर अवि प्रसाद ने नगर निगम के अधिकारियों से मार्ग अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। पहुंच मार्ग में जबलपुर की तरफ अस्थायी अतिक्रमणों को चिन्हित किया गया है, जिसे हटाने नगर निगम द्वारा भी सहमति दी गई है। अतिक्रमण हट जाने पर मार्ग को आगे चांडक चौक तक जोड़ दिया जाएगा। आज सुबह से ही कब्जे हटाने की कार्रवाई जारी है।

रोज रोज लगने वाले जाम से मिलेगी राहत

कटनी नदी पुल का निर्माण अधर में लटका होने की वजह से इस मार्ग पर रोजाना शहर के लोगों को जाम से सामना करना पड़ता था। चांडक चौक में यातायात के अत्यधिक दबाव की वजह से हर दिन स्थितियां निर्मित होती थी, लेकिन अब कटनी नदी ब्रिज के बनने के बाद इस पर आवागमन शुरू होने के बाद शहर के लोगों को जाम से राहत मिलेगी।

चांडक चौक पर बढ़ेगा यातायात का दबाव

कटनी नदी पुल से आवागमन शुरू होने के बाद बस स्टैंड से मिशन चौक मार्ग पर आवागमन सुलभ होने के साथ ही चांडक चौक में यातायात का दबाव काफी बढ़ जाएगा। बरगवां ओव्हर ब्रिज बनने के बाद यहां चौतरफा वाहनों का दबाव रहेगा। इस ओर भी पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया जाना जरूरी है।

शहरवासियों को अब नहीं करना पड़ेगा जाम का सामना

विदित हो कि करीब 100 मीटर लंबे इस पुल निर्माण का भूमिपूजन 2008 में हुआ था और 14 सालों से पुल का निर्माण कार्य चल रहा था। कभी तकनीकी अड़चनों तो कभी ड्राइंग डिजाइन की वजह से पुल का निर्माण अटका रहा। इस बीच पुल का निर्माण शुरू हुआ तो अनियमितताओं की भेंट चढ़ गया। निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की वजह से पुल को तोड़कर नए सिरे से बनाना पड़ा। गौरतलब है कि कटनी नदी पुल का भूमिपूजन वर्ष 2008 में तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष स्व. ईश्वरदास रोहाणी ने किया था। पुल निर्माण का ठेका रीवा की शुक्ला कंपनी को मिला था। पुल का निर्माण शुरू होते ही इसमे कई तरह के पेंच फंस गए थे, जिसकी वजह से कई सालों तक इसका काम रूका रहा और फिर शुरू हुआ तो घटिया निर्माण की भेंट चढ़ गया। इसके बाद पुल को तोड़कर नए सिरे से निर्माण कार्य शुरू किया गया। अब ब्रिज का काम कम्पलीट हो चुका है। अवरोधकों को भी हटाया जा रहा है।

जनवरी में मिलेगी कटनी नदी पुल की सौगात

रिटेनिंग वॉल बनकर तैयार, एप्रोच का काम शुरू, 7.5 मीटर रहेगी कार्रिजवे की चौड़ाई

यशभारत में प्रकाशित खबर।

आरसीसी क्रैश बेरियर का निर्माण भी कराया जा रहा

जानकारी के अनुसार जबलपुर की ओर पहुंच मार्ग की लंबाई 50 मीटर एवं मैहर की ओर 50 मीटर रखी गई है एवं मार्ग की चौड़ाई 11 मीटर और पुल की कुल चौड़ाई 12 मीटर है। पुल पर आवागमन के दौरान यातायात सुरक्षा हेतु मार्ग के दोनों तरफ आरसीसी क्रैश बेरियर का निर्माण भी कराया जा रहा है, ताकि यातायात के दौरान दुर्घटना की संभावना सामान्य तौर पर ना हो।

दोनों पुलों के बीच रखा जा रहा सुरक्षा का ध्यान

दोनों पुलों के बीच में सुरक्षा की दृष्टि से भी आरसीसी क्रैश बेरियर का निर्माण किया जा रहा हैए दोनों पुलों के पहुंच मार्ग को आगे जोड़ दिया गया है। उपरोक्त पुल निर्माण कार्य के दौरान समय-समय पर गुणवत्ता का परीक्षण किया गया है। पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य स्वीकृत प्रावधान अनुसार किया गया है तथा पुल की भार वहन क्षमता हेतु लोड टेस्ट की तैयारी की जा रही है।

हर बार बदलती रही समय-सीमा

कटनी नदी पुल निर्माण को लेकर हर बार समय सीमा बदलती रही। पुल की डिजाइन बदलने के कारण पुल का निर्माण समय-सीमा में पूरा नहीं हो सका। पुल के निर्माण में विलम्ब की वजह से इसकी लागत बढ़कर करीब 13 करोड़ 69 लाख 86 हजार रुपये हो गई। 2008 में भूमिपूजन होने के बाद अब 2023 में ब्रिज की सौगात मिलने जा रही है।

संतोष ट्राफी : सतना को 3 विकेट से हराकर उमरिया क्वार्टर फाइनल में

उमरिया टीम के लखन चुने गए मैन ऑफ द मैच

उमरियापान, यशभारत। उमरियापान के अंधेलीबाग मैदान में खेल विकास समिति के अध्यक्ष स्व. मुरारीलाल चौरसिया की स्मृति में संतोष ट्राफी लैदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का कल गुरुवार को पांचवां लीग मैच खेला गया। जिसमें डीसीए सतना को 3 विकेट से हराकर पैराडाइज उमरिया ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। निर्धारित 20-20 ओवर के मैच में सतना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सतना टीम की शुरूआत बहुत ही खराब रही। 2 विकेट मात्र 9 रन पर गंवा दिए। तीसरे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी हुई और तीसरा विकेट 55 रन पर गिरा। इसके बाद टीम के अन्य बल्लेबाज भी अपने विकेट अंतराल में खोते चले गए और 7 विकेट 107 रन पर गंवा दिए। इसके बाद अनुराग ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 12 बाल में 42 रन ठोंककर टीम का स्कोर 8 विकेट के नुकसान पर 157 रन खड़ा करने में सफल हुए। जिसमें सबसे अधिक अनुराग ने 12 बाल में 3 चौके 4 छक्के की मदद से 42 रन बनाए तो वहीं उत्कर्ष ने 4 चौके की मदद से 33 रन का अपनी टीम को योगदान दिया। उमरिया के गेंदबाज अभिषेक और जितेंद्र ने 3.3 विकेट लिए तो ईशान ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उमरिया टीम ने पहला विकेट 2 रन पर गंवा दिया। इसके बाद लखन और हर्ष ने तेज तर्रार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 120 रन की साझेदारी कर मैच का रुख एकतरफा कर दिया और दूसरा विकेट 122 रन पर गिरा। इस दौरान सतना के गेंदबाजों ने भी घातक गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 30 देकर 5 विकेट लेकर मैच में वापसी करने का प्रयास किया लेकिन अंततः सतना 3 विकेट से मैच हार गई और उमरिया ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उमरिया के बल्लेबाज लखन ने 37 बाल में 11 चौके 2 छक्के की मदद से 66 रन बनाए तो वहीं हर्ष ने 46 बाल में 7 चौके 2 छक्के की मदद से 59 रन बनाए। सतना के गेंदबाज अनुराग व मनीष और हितेश ने 2.2 विकेट लिए। मैन ऑफद मैच उमरिया टीम के लखन को चुना गया जिन्हें उमरियापान सरपंच अटल ब्यौहार, नंदू पटेल, अनंद मुकुंद मिश्रा, संजय दुबे द्वारा पुरस्कार दिया गया। मैच की अंपायरिंग शहीद अहमद और राजन पाण्डे ने की। आज का मैच वाईसीसी उमरियापान और कानपूर इलेवन के बीच खेला जा रहा है। इस दौरान खेल विकास समिति के पदाधिकारी, सदस्यों सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही।

जिला पंचायत सदस्य किन्नर माला मौसी ने की सचिव व सहायक से अभद्रता

सोशल मीडिया में वायरल किया वीडियो, संगठन ने सौंपा ज्ञापन, कार्यवाही की मांग

रीठी, यशभारत। जनपद पंचायत रीठी के अंतर्गत ग्राम पंचायत कैना में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान जिला पंचायत सदस्य किन्नर माला मौसी द्वारा रोजगार सहायक एवं पंचायत सचिव के साथ किए गए अभद्र व्यवहार के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस घटना को लेकर सचिव, सहायक सचिव कर्मचारी संगठन जनपद पंचायत रीठी ने रीठी तहसीलदा, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रीठी थाना प्रभारी को शिकायत पत्र सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि ग्राम पंचायत कैना में मनरेगा योजना अंतर्गत चल रहे अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य के दौरान विगत 24 दिसंबर को जिला पंचायत कटनी के क्षेत्र क्रमांक 9 से जिला पंचाायत सदस्य माला मौसी द्वारा कार्य स्थल पर उपस्थित होकर मजदूरों के समक्ष सचिव एवं सहायक सचिव के साथ अपमानजनक भाषा का उपयोग करते हुये दुर्व्यवहार किया गया। इसका वीडियो बनाकर मीडिया में वायरल भी किया गया है, जिससे ग्राम पंचायत में नियुक्त कर्मचारियों के सम्मान को ठेस पहुंची है।

कार्रवाई नहीं हुई तो कलमबंद हड़ताल पर जाएंगे कर्मचारी

शासन के निर्देशानुसार मनरेगा योजना में जितना काम उतना दाम मूल्यांकन के आधार पर मजदूरी का भुगतान किया जाना निर्धारित है। यदि इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की जाती तो संगठन चल रहे निर्माण कार्यों को बंद करते हुये कलम बंदकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिये बाध्य होगा। रीठी थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय ने कहा कि जांच के उपरांत दोषी पाये जाने पर कार्यवाही की जाएगी। वहीं सीईओ रीठी ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि यह मामला जिला पंचायत को अग्रिम कार्यवाही के लिए भेजा जाएगा।

कुर्मी क्षत्रिय महासभा की बैठक में पूर्व कार्यकारिणी भंग, नवीन कार्यसमिति का गठन

कटनी, यशभारत। अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की जिला स्तरीय बैठक क्षत्रपति गार्डन, शिवाजी नगर में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया पूर्व संगठन कार्यकारिणी को शून्य कर नई कार्यसमिति बनाई गई। अध्यक्ष के चुनाव होने तक सभी पदाधिकारियों के अधिकार शून्य किये गए। आगामी कार्ययोजना 25 सदस्ययीय कार्य समिति तय करेगी। आगामी बैठक 8 जनवरी को आयोजित की जाएगी। बैठक में अध्यक्षता विजय पटेल प्रदेश महासचिव ने की। मुख्य मार्गदर्शन चैतू पटेल प्रदेश प्रचार मंत्री ने दिया। मुख्य अतिथि महेंद्र सिंह, पूर्व डिप्टी कलेक्टर भोपाल रहे। बैठक में रिखीराम पटेल कोषाध्यक्ष, अजय पटेल जुहली, जितेंद्र पटेल संघवारा, विजय पटेल पूर्व सरपंच, लखन पटेल देवसरी, संतराम पटेल गैतरा, डॉ बी के पटेल की उपस्थिति रही।

तंबोला गेम का उठाया लुत्फ, 2022 को दी बिदाई

अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद का कार्यक्रम

कटनी, यशभारत। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद नीलांजना संभाग शाखा कटनी के तत्वाधान में शाखा सचिव श्रीमती मंजू जैन के निवास पर बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी बहनों की उपस्थिति में दिसंबर 2022 को विदाई समारोह के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय सह सचिव श्रीमती शशी जैन, श्रीमती बबीता जैन एवं प्रांतीय पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया, उसके पश्चात आगामी कार्यक्रमों को कराने हेतु रूपरेखा तैयार की गई। 2022 को विदाई देते हुए सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने गेम का आनंद लेते हुएए तंबोला खेल कर मौज मस्ती करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती संध्या जैन, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिल्पा जैन, प्रांतीय सह सचिव श्रीमती शशि जैन, केंद्रीय संरक्षिका श्रीमती बबीता जैन, प्रांतीय प्रभारी लक्ष्मी जैन, श्रीमती नीता जैन, श्रीमती नीता जैन, मीनू सिंघई, सीमा नाहर, अंजू, प्रीति, रजनी जैन, सुनीता जैन, अर्चना चंदेरिया, पिंकी जैन, सीमा चौधरी, अर्चना, मंजूषा, वंदना, एकता की उपस्थिति रही।

फर्स्ट स्टेप एकेडमी में विज्ञान, कला व शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन

डिजिटल इंडिया, डाइजेस्टिव सिस्टम व एनिमल्स शेल्टर्स पर बच्चों ने बनाए मॉडल

कटनी, यशभारत। फर्स्ट स्टेप अकैडमी विद्यालय में विज्ञान कला व शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमे बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमे थिंक अबाउट योर ड्रिंक, डिजिटल इंडिया, नर्व्स सिस्टम, कलर इनफुल्यूनट टेस्ट, डाइजेस्टिव सिस्टम, एनिमल्स शेल्टर्स मॉडल प्रस्तुत किए। छात्रों ने अपने मॉडल से संबंधित जानकारी भी दी। विद्यालय की मुख्य व हाउसिंग बोर्ड शाखा के बच्चों द्वारा लैंग्वेज लैब के मॉडल का प्रस्तुतीकरण किया गया। हर्ब्स और स्पाइसेज, हेल्दी एंड जंक फंड, डिफरेंट टाइप्स ऑफ ट्रांसपोर्टेशन मॉडल की शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों द्वारा आर्ट एण्ड क्राफ्ट से बनाई चीजों का भी प्रदर्शन किया गया। छात्र मयंक सिंह व हनी सोनी ने कंप्यूटर के टॉपिक्स पर प्रस्तुतिकरण किया। योग भगाए रोग इस कथन को चरितार्थ करते हुए छात्रों ने योग मुद्राओं के माध्यम से उनके फायदों को बताया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मुकेश चंदेरिया, मोहन नागवानी, श्रीमति भारती नागवानी, आरती नागवानी उपस्थित रहे। शाला परिवार की ओर से एडमिनिस्ट्रेटर, डायरेक्टर, प्राचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। अभिभावकों व नागरिकों ने प्रदर्शनी की सराहना की। बच्चों ने भी लगन व निष्ठा के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। प्राचार्य द्वारा समस्त स्टॉफ व बच्चों के कार्यों के लिए बधाई दी।

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय कटनी

क्रं./निविदा/2022/ प्रारूप, कटनी, दिनांक

निविदा आमंत्रण सूचना

जिला चिकित्सालय कटनी के सी.एस.सी. संचालन हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। अतः इच्छुक निविदाकार निविदा की शर्तें एवं प्रपत्र ऑनलाईन www.mptenders.gov.in पर प्रकाशन दिनांक 30.12.2022 के पश्चात देखी जा सकती हैं।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय, कटनी

जी-20990/22

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय कटनी

क्रं/निविदा/2022 / कटनी, दिनांक

-:: प्रारुप::-

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

जिला चिकित्सालय कटनी के वाहन स्टैण्ड पार्किंग हेतु नीचे दर्शाये अनुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं-

01. निविदा फार्म दिनांक 30.12.2022 से 10.01.2023 तक कार्यालयीन समय में रु. 1000.00 अंकन एक हजार रुपये जमा कर प्राप्त किये जा सकेंगें।
02. निविदा निर्धारित प्रपत्र में भर कर दिनांक 11.01.2023 को दोपहर 01:00 बजे तक सिविल सर्जन कार्यालय में स्वीकार की जावेगी। निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई निविदा स्वीकार नहीं होगी।
03. निविदा दिनांक 11.01.2023 को दोपहर 03:00 बजे निविदा समिति के पदाधिकारियों एंव निविदाकारों के समक्ष सिविल सर्जन कार्यालय में खोली जावेगी।

टीप - निविदा से संबंधित शर्तें एंव विस्तृत जानकारी सिविल सर्जन कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती हैं।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय कटनी

जी-20991/22

यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली
कमानियागेट कटनी, मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)

कोविडग्रस्त चीन के हैरत भरे फैसले

ऐसे वक्त में जब गैर सरकारी सूत्रों के हवाले से कुछ ही दिनों में करोड़ों लोगों के संक्रमित होने की खबरें आ रही हैं, चीन सरकार के हालिया फैसले हैरत में डालते हैं। दरअसल, कठोर कोविड नीति के खिलाफ उग्र आंदोलन के बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने आंदोलन के दमन के बजाय कोविड नीतियों में ढील देने का विकल्प चुना। शायद वे इस आंदोलन को हवा नहीं देना चाहते थे। दरअसल, चीन की जनता करीब तीन साल के सख्त प्रतिबंधों से उकता गई थी। वहां लोग सामान्य जीवन के लिये तरस रहे थे। वहीं जीविका का बड़ा संकट भी पैदा हो गया।

वैश्विक विरोध और विषम आर्थिक परिस्थितियों के चलते चीन बड़े आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। बड़े उद्योग चीन से बाहर जा रहे हैं। ऐसे में चीन की सरकार को लगता है कि सख्त कोविड नीतियों से एक तो कोरोना को हराया नहीं जा सका, वहीं कारोबार के क्षेत्र में भारी क्षति उठानी पड़ रही है। यही वजह है कि शी जिनपिंग सरकार ने अपनी कठोर नीतियों में अप्रत्याशित बदलाव किया है। चीन ने कोरोना विस्फोट के बीच हाल ही में जो घोषणाएं की हैं उसने पूरी दुनिया को चौंकाया है। उसका सबसे बड़ा ऐलान 8 जनवरी से अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिये तमाम अवरोधों को समाप्त कर तीन साल से बंद अपनी अंतर्राष्ट्रीय सीमाएं खोलने वाला है। इतना ही नहीं विदेशों से आने वाले यात्रियों को क्वारंटाइन की अनिवार्यता से छूट भी देगा। यहां तक कि चीन ने कोरोना संक्रमण के दैनिक मामलों की घोषणा करनी भी बंद कर दी है ताकि देश-विदेश में चीन को लेकर भय का वातावरण न बने। इतना ही नहीं, कोविड प्रबंधन के नये नियमों के साथ अगले माह से कोविड संकट के वर्ग को डाउनग्रेड कर दिया जाएगा। अब यह डेंगू बुखार जैसी कम गंभीर श्रेणियों में रहेगा। कुल मिलाकर चीन ने तय कर लिया है कि 'जान के साथ जहान' की नीति का अनुसरण किया जायेगा। जब कोरोना संकट के बाद सख्त प्रतिबंधों के बावजूद यह संकट टला नहीं तो चीन को अपना आर्थिक साम्राज्य दरकने की चिंता सताने लगी। वहीं देश के भीतर भी सख्त नियमों से दुखी लोग सड़कों पर उतर आए। तभी चीनी सरकार ने कोरोना के भय को खत्म करने लिये न केवल सख्त नियमों में छूट दे दी, बल्कि साथ ही विदेशी व्यापार के अनुकूल स्थितियां बनाने की तैयारी शुरू की। कारोबारी कंपनियों ने भी चीन सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। विदेशी फर्मों का मानना है कि मंदी से पस्त व्यावसायिक गतिविधियों को पुनर्जीवित करने के लिये विदेशी यात्रियों का आगमन सुगम बनाना स्वागत योग्य है। दरअसल, अब तक कोविड पर जीरो टॉलरेंस की नीति के चलते विदेश से आने वाले यात्री को अनिवार्य रूप से दो सप्ताह तक सरकारी आवास में क्वारंटाइन में रहना पड़ता था। जिसे बाद में पांच व तीन दिन कर दिया गया। यह फैसला ऐसे वक्त में आया है जब चीन के भीतर सरकार की सख्त नीतियों के खिलाफ व्यापक आक्रोश पैदा हो रहा था। हालांकि, ढील के बाद चीन में कोरोना विस्फोट की स्थिति पैदा हो गई है। सरकार को भी लगता है जब तक चीन में हर्ड इम्यूनिटी नहीं आ जाती तब तक किसी तरह के प्रतिबंधों का कोई असर नहीं होगा। यही वजह है कि ओमिक्रॉन के नये वेरिएंट को लेकर चीन सरकार की नीतियां लचीली हुई हैं। चीन सरकार मानती है कि यह नया वेरिएंट डेल्टा स्ट्रेन जितना घातक नहीं है, जिससे दुनिया में बड़ी संख्या में मौतें हुई थीं। बहरहाल, चीन में कोरोना प्रसार की मौजूदा विकट स्थितियां भारतीयों के लिये भी सबक है कि भले ही भारत में स्थितियां पहले जैसी विकट न हों, लेकिन फिर भी नये साल के जश्न के दौरान कोरोना से जुड़ी सावधानियों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाना चाहिए।

प्राथमिक सावधानियों से ही कोविड से निजात

अब जबकि हम महसूस करने लगे थे कि कोविड महामारी से छुटकारा पा लिया है, चीन में बढ़ते मामलों ने हमारे आत्मविश्वास को हिला डाला। बीजिंग में कोविड मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है और कुछ के अस्पताल में भर्ती होने की नौबत बन गई। रिपोर्टों के मुताबिक, चीन के अस्पतालों में मरीजों की विशाल आमद से इलाज के लिए बिस्तर एवं उपकरण कम पड़ गए हैं। अनुमान हैं कि वर्ष 2023 में चीन में 10 लाख लोग कोविड का ग्रास बनेंगे। जापान, दक्षिण कोरिया, अमेरिका और फ्रांस के अलावा दुनियाभर में कोविड मामले लगातार बढ़ने लगे हैंंक्ष् औसतन साठ हजार के करीब रोजाना। चीन द्वारा अपनी कड़ी 'जीरो-कोविड' नीति के तहत प्रत्येक कोविड केस को खोजकर इलाज करने और पीड़ित को अलग-थलग कर देने के बावजूद ऐसा उछाल आने के पीछे सटीक कारण अभी तक मालूम नहीं हैं। बहुत से कयास लगाए जा रहे हैं, जिनमें बुजुर्ग आबादी में नाकाफी टीकाकरण और 'प्राप्त सामूहिक रोग-प्रतिरोधक शक्ति' (हर्ड इम्यूनिटी) नदारद होना भी शामिल हैं। कोविड के बीएफ-7 वेरियंट को चीन में आए उछाल का जिम्मेवार बताया जा रहा है (यह बीए ओमीक्रॉन का उप-वंशज है)।भारत ने अपेक्षाकृत 'नर्म' ओमीक्रॉन वेरियंट को सहा था, जिसका दूसरी लहर में बहुत फैलाव हुआ था। माना जा रहा इससे बनी हर्ड इम्यूनिटी के ऊंचे स्तर ने बाद वाली लहरों में हमारे लोगों को बचाए रखा। जहां भारत में भी कुछ मामलों में नये वेरियंट बीएफ-7 की शिनाख्त हो चुकी है (किंतु अभी तक उछाल नहीं आया) वहीं कोविड मामलों की संख्या दिनो-दिन घटी है।

तथापि नया रूप धरे यह वेरियंट गंभीर चुनौती पैदा कर सकता है। किसी भी वायरस में अपना क्रमिक विकास करने की संभावना होती है और इससे नए-नए खतरे पैदा होते हैं, खासकर जब नया रूपांतर बहुत संक्रामक किस्म का हो जाए। इसलिए जीनोम सीक्वेंसिंग करना वैज्ञानिक तरजीह होनी चाहिए ताकि नए-से-नए और रूपांतरित हुए वायरसों का निदान हो सके। मीडिया खबरों के अनुसार भारत सरकार ने आसन्न खतरे को भांपकर पहले ही यथेष्ट 'निगरानी एवं पड़ताल' कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। सभी पॉज़ीटिव केसों की जीनोम सीक्वेंसिंग करने के निर्देश सही दिशा में बढ़िया फैसला है।पिछले अनुभव से सीखकर, खासकर दूसरी भयानक कोविड लहर से, हमारा तंत्र अब पहले से बेहतर तैयार है। हालांकि यहां बहुत अहम है कि सावधानी कतई न छोड़ें। सरकार के व्यवस्थागत प्रयास कोविड संकट से निपटने का केवल एक हिस्सा होते हैं, बतौर एक भागीदार हम सबको भी अपने आचार-व्यवहार में कोविड संहिता का पालन करते हुए अपना-अपना अंशदान डालना होगा, जिस पर महामारी की शुरुआत से ही जोर दिया जा रहा है।

बेशक, सबसे महत्वपूर्ण है मास्क का प्रयोग, खासकर बंद जगहों, भीड़-भाड़ में और जब किसी संक्रमित के नज़दीक हों। जो कोई भी अस्पताल जाता है, चाहे बतौर मरीज़ या किसी की देखभाल करने, उसे मास्क जरूर पहनना चाहिए। इसके अलावा जितना संभव हो सामाजिक-दूरी बनाए रखने के अलावा, समुचित हाथ धोना और भीड़-भाड़ से बचना, यह वही हालिया तरीके हैं, जिनको फिर से अपनाना होगा।जिन लोगों ने अभी तक टीके की बूस्टर या सावधानी डोज़ नहीं ली है, फौरन लगवा लें। वैक्सीन गंभीर लक्षण और स्थिति से बचाने में सबसे प्रभावी पाई गई है। अफसोस है कि पात्र 70 फीसदी लोगों ने बूस्टर डोज़ नहीं लगवाई। उम्मीद की जानी चाहिए कि अन्य देशों में आया वर्तमान कोविड उछाल हमारे लोगों के अंदर वैक्सीन की इस अतिरिक्त डोज़ के महत्व का अहसास जगाएगा। केंद्रीय और प्रदेश सरकारों को अपना वैक्सीन अभियान फिर से चलाना चाहिए ताकि उन सबको लगे, जो छूट गए हैं। हमें बच्चों के लिए वैक्सीन अभियान की भी पुनर्समीक्षा करनी होगी। जो लोग जोखिम वाले वर्ग में आते हैं, खासकर बुजुर्ग और जिन्हें कोई अन्य बीमारी पहले से है, उन्हें विशेष ध्यान एवं सावधानी बरतने की जरूरत है। एक बार संक्रमण शरीर में घुस जाए तो मृत्यु दर इन्हीं वर्गों में अधिक है। इसके अलावा, यदि लॉकडाउन हुआ तो इन लोगों को अस्पतालों में अपनी अन्य बीमारियों के इलाज हेतु बाह्य रोगी विभाग की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी। कोविड संबंधित अन्य बीमारियां घटाने के लिए इस जोखिमज़दा वर्ग की जरूरतों का ध्यान खासतौर पर महत्वपूर्ण है। शायद यही समय है कि इस नाजुक वर्ग को दूसरी एहतियातन/ बूस्टर डोज जल्द लगनी चाहिए।

पंजाब जैसे राज्य, जहां पर जोखिमजदा वर्ग में आने वालों की संख्या बहुत अधिक है, राज्य सरकार को पूर्व-तैयारी करनी चाहिए ताकि सुनिश्चित हो सके कि मेडिकल तंत्र नई चुनौती से लड़ने के लिए सुसज्जित है। यहां मुझे लंबे समय से चले आ रहे किंतु बृहद विषय की याद आ रही है यानी हमारे मेडिकल एवं स्वास्थ्य ढांचे में व्याप्त कमजोरियां और कमियां। हमारे सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं देखभाल ढांचे का ईमानदार आकलन करना एकदम जरूरी है। कोविड-19 महामारी ने हमारे मेडिकल एवं स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों की शोचनीय उपेक्षा और अवस्था को उजागर किया है, खासकर ग्रामीण और छोटे कस्बों में। इन संस्थानों को कर्मियों की संख्या और आधारभूत ढांचा विकास से मजबूत करने की जरूरत है। प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जहां निजी क्षेत्र ने शहरी इलाकों में कुछ हद तक स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता में योगदान किया है वहीं ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों में यह नाकाफी है।

स्वास्थ्य चूंकि राज्य सरकारों का विषय है, प्रत्येक सूबा प्रशासन को लोगों के प्रति इस फर्ज को पूरा करने के लिए और कदम उठाने होंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं को सुधारना एक फौरी जरूरत है। मेडिकल व्यवसायियों को प्रोत्साहन योजना देकर ग्रामीण स्वास्थ्य सुधारने की पहलकदमी की जाए। घर बैठ उचित मेडिकल परामर्श (टेलीमेडिसिन) वाला तरीका अपनाया जाए और इस पर क्रियान्वयन हो ताकि अस्पतालों में भरती होने वालों का दबाव कम हो पाए। दिल्ली में शुरू की गई मोहल्ला क्लीनिक योजना, जो कि सफल प्रतीत होती है, का अनुसरण बाकी राज्यों में किया जाए। अब यह साफ हो चला है कि नित नए कोविड रूपांतर हमारे साथ ही बने रहेंगे और फिलहाल हमारे पास इनके साथ जीना सीखने के अलावा कोई और विकल्प नहीं हैं, उम्मीद के ज्यादा लंबे वक्त तक। समय रहते जरूरी कदम उठाने से हमारा विश्वास हमारी व्यवस्था में बना रहेगा और संक्रमण की अनपेक्षित लहर बनने पर भगदड़ की स्थिति बनने से बचेगी।जैसा कि किसी ने सही कहा है 'गंभीर संकट से मिली सीख व्यर्थ नहीं जानी चाहिए।' इस लिहाज से उम्मीद की जानी चाहिए कि संक्रमण की पिछली लहरों से मिले सबक और अनुभवों के आधार पर भारत में यह क्षमता है कि कोविड से लड़ाई में दुनिया की अगुवाई कर दिखाए।

केके तलवार
लेखक पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ के निदेशक रहे हैं।

चीनी अनदेखी कर ताइवान से आर्थिक रिश्ते

हाल ही में चीन के साथ पूरबी सीमा पर तनाव पुनः भड़क उठा, जब अरुणाचल प्रदेश में मैकमोहन सीमारेखा के ठीक दक्षिण में स्थित सामरिक महत्व के मॉनेस्ट्री शहर के पास चीनी सैनिकों ने अपनी गतिविधियां दिखाईं। वर्ष 1962 के युद्ध में त्वांग पर चीनी सेना ने कब्जा कर लिया था, परंतु युद्ध-विराम उपरांत वापस लौट गई। पहले त्वांग को लेकर चीन के रुख को एक तरह से सीमारेखा की अनाधिकारिक स्वीकारोक्ति माना जाता था और यह भारत-चीन सीमा की निशानदेही करती रही। लेकिन आगे का घटनाक्रम, जैसे कि 1986 में तवांग जिले से लगती सुमदोरोंग-चू घाटी में चीनी घुसपैठ ने साफ संकेत कर दिया कि चीन यथास्थिति को चुनौती देने को तैयार है। लद्दाख में मौजूदा तनाव त्वांग के साथ लगते क्षेत्र में है।

चीन के साथ संबंध सुधरने की कभी पहले रही आस राष्ट्रपति शी जिनपिंग के राष्ट्रपति बनने से बाद से बिखरने लगी थी और यह स्थिति 2014 में नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिनपिंग को दिए गर्मजोशी पूर्ण स्वागत के बावजूद बनी। हकीकत यह है कि चीन लगातार भारत के प्रति आक्रामकता दिखाता आया है, इसका नवीनतम उदाहरण लद्दाख में भारतीय भूभाग पर कब्जे के प्रयास वाली अभूतपूर्व करतूत है, हालांकि उसको भारत की जोरदार टक्कर का सामना करना पड़ा। बेशक वहां फिलहाल बल प्रयोग विराम लागू है किंतु चीन भारतीय इलाके पर जमा हुआ है। इसके अलावा अब भारत को अरुणाचल प्रदेश में चीनी घुसपैठ का सामना करना पड़ रहा है। लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश की घटनाओं से भारतभर में शी जिनपिंग की नीयत को लेकर अविश्वास है।

गौरतलब है कि शी जिनपिंग द्वारा राष्ट्रपति का पदभार संभालने से पहले वाले सालों में, 1 अप्रैल, 2005 को 'सीमा विवाद हल एकमुश्त समझौता' यानी 'पैकेज सेटलमेंट' के दिशा-निर्देश सिद्धांतों पर सहमति बन गई थी। इसमें कहा गया था 'परस्पर सम्मान और समझ की भावना के तहत दोनों पक्ष सीमारेखा पर अपनी-अपनी मौजूदा स्थितियों में लेन-देन करने को राजी हैं ताकि इलाकाई विवाद सदा के लिए खत्म हो सके। इसके लिए सीमारेखा की निशानदेही सुस्पष्ट और आसानी से पहचाने जा सकने वाले प्राकृतिक और भौगोलिक चिन्हों द्वारा की जाएगी, जो दोनों पक्षों को मंजूर हो।' आगे कहा 'सीमा संधि के मुताबिक दोनों पक्षों को अपनी-अपनी वास्तविक स्थिति में यथेष्ट बदलाव करने होंगे। शी जिनपिंग के राज वाले चीन के साथ यह संधि सिरे चढ़ पाएगी, इस पर बहुत शक है, क्योंकि चीन के अपने लगभग तमाम पड़ोसी मुल्कों के साथ थलीय या जलीय सीमा विवाद जारी हैं और दुनियाभर में ऐसा और कोई देश नहीं है। शी जिनपिंग के नेतृत्व वाले वर्तमान चीन से बरतते वक्त यह बात ज़हन में रखनी होगी कि अपने विरोधियों से व्यवहार में वे प्रतिरोधी और विषैला रुख रखते हैं, चाहे वह अंदरूनी हो या बाहरी। चीन की स्वघोषित सागरीय सीमारेखा रक्षा नीति में नियंत्रण पाने को बल प्रयोग करना एक अवयव है। हालांकि दुनिया को ज्यादा झटका जिनपिंग के उस तरीके से लगा जब 22 अक्तूबर को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अधिवेशन के दौरान उन्होंने अपने पूर्ववर्ती हू जिन्ताओ का सार्वजनिक तिरस्कार करवाया। सत्तारूढ़ प्रशासन के अधिकांश वरिष्ठ सदस्यों के बीच मतभेद होना नई बात नहीं परंतु पद से उतर चुके वरिष्ठ सदस्यों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार की रिवायत रही है। जिस वक्त सुरक्षा कर्मी हू जिन्ताओ को बैठक से बलपूर्वक हटा रहे थे, शी जिनपिंग अपने पूर्ववर्ती की यह बेइज्जती चुपचाप देखते रहे। इस बीच, सुधारवाद के पक्षधर प्रधानमंत्री ली किकियांग को कार्यकाल पूरा होने के बाद बदल दिया गया है और उनकी जगह जिनपिंग के चाटुकार ली किंयाग ने ली है। भारत के विषय में, लगता है शी जिनपिंग अपनी मौजूदा नीति आगे भी जारी रखेंगे और लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में टुकड़ों-टुकड़ों में इलाका कब्जाने वाली चीनी रणनीति भी शायद जारी रहे। हालांकि भारत ने पिछले दो दशकों में चीनी सीमा पर अपने सड़क तंत्र में विस्तार के लिए बड़े स्तर पर यत्न किए हैं, फिर भी सीमांत क्षेत्र में सड़क और संपर्क मामले पर बहुत कुछ करना बाकी है। ज्यादा अहम यह है कि क्या अगले साल भारत की मेजबानी में जी-20 के शिखर सम्मेलन में शी जिनपिंग भाग लेने आएंगे या नहीं।जैसा कि सबको पता है, भारत लंबे अरसे से ताइवान के साथ प्रगाढ़ व्यापारिक संबंध स्थापित करने को लेकर बिना बात अति-सतर्कता बरतता आया है। पिछले दो दशकों में साफ दिखा है कि यदि भारत को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स औद्योगिक उत्पादन की धुरी बनना है तो जापान और दक्षिण कोरिया जैसी इलेक्ट्रॉनिक्स शक्ति बनने की सख्त जरूरत है। इसके लिए जरूरी है कि इनकी तरह भारत में भी इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग का विश्वसनीय आधारभूत ढांचा हो ताकि सेमीकंडक्टर और कम्प्यूटर चिप्स जैसे महत्वपूर्ण पुर्जों की डिजाइनिंग, विकास और उत्पादन यहां हो सके। अब मोदी सरकार ने तय किया है कि ताइवान के सहयोग से भारत अपना आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग स्थापित करेगा और इस सहयोग पर चीन की प्रतिक्रिया और रोक-टोक की परवाह नहीं करनी है।

जी. पार्थसारथी
लेखक पूर्व वरिष्ठ राजनयिक हैं।

आपका राशिफल 31 दिसम्बर

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-3-6-9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अत:आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

फिल्म वर्ग पहेली - 6032

बायें से दायें:-

१. अशोककुमार, नूतन, धर्मेन्द्र की 'ओ जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
४. गोविंदा, शिल्पा शेट्टी की 'स्लीप टैट मेरी मर्जी' गीत वाली फिल्म-४
७. 'आज मतो मुस्कुराती' गीत वाली राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की फिल्म-३
८. फिल्म 'कभी कभीय' में ऋषिकपूर के साथ किस की जोड़ी थी-३
१०. १९७१ में आई अमिताभ, योगिता बाली का एक फिल्म-४
१३. 'कभी शाम ढले' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'गोरे तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१७. 'शादी के लिये रजामंद' गीत वाली फिल्म-२
१९. सैफ अली, काजोल की फिल्म-३
२१. अनिलधवन, नीतू सिंह की 'तेरी गलियों में ना' गीतवाली फिल्म-३
२३. 'तु मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-२
२४. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
२५. अनिलकपूर, माधुरी को 'खत लिखना है' गीतवाली फिल्म-२
२७. राजीव, डिम्पल की फिल्म-२
२८. संजयदत्त, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की फिल्म-२
३०. 'तस्वीर तेरी दिल में' गीत वाली देवआनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
३२. फिल्म 'हम तो मुहब्बत करेगा' में बॉबी देओल के किरदार का नाम-२
३४. 'देखें भी तो क्या' गीत वाली फिल्म-२
३५. 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३६. दिलीपकुमार, वैजयंतीमाला की 'तेरे हुस्न की क्या' गीत वाली फिल्म-३
३७. फिल्म 'अलग-अलग' में राजेश खन्ना की नायिका कौन थी-२

ऊपर से नीचे:-

१. 'तेरे नैना मेरे नैनों को' गीत वाली फिल्म-३
२. फिल्म 'खुदगर्ज' में नायिका कौन थी-३
३. अनिलकपूर, माधुरी नम्रता की फिल्म-३
५. 'मैया दिल में आना रे' गीतवाली फिल्म-३
६. फिल्म 'बारूद' में अक्षय की नायिका-३
९. बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२
१०. 'जरा तसवीर से तू' गीत वाली फिल्म-४
११. 'एक दूजे के लिए' में कमल हासन के किरदार का क्या नाम था-२
१२. फिल्म 'चोर मचाए शोर' में नायक-२
१४. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत वाली फिल्म-२
१६. सुनील शेट्टी, सोनाली की 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली गोविंदा, नीलम की फिल्म-२
२०. 'कमसिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२३. फिल्म 'निकाह' की नायिका-३
२४. राज कपूर, नर्गिस की 'दम भर जो उधर' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'जब ना माना दिल' गीत वाली कमल सदाना, काजोल की फिल्म-३
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'मेरा पिया' गीत वाली माधुरी की फिल्म-३
३३. विक्रम, लक्ष्मी की 'दिल क्या करे जब किसी को' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 6031

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल- 6545

★★★☆☆ मध्यम

8		4	3	9	7	5		6
3					2			
		7	6	5				4
9	6		5			1		7
5		1	4		9	8		2
4		8					5	3
2				6	1	4		
			7					8
7		9	8	3	5	6		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6544 का हल

7	8	4	9	5	2	6	1	3
9	6	2	4	3	1	8	5	7
1	3	5	7	8	6	2	4	9
4	2	3	6	1	5	9	7	8
8	5	9	2	4	7	1	3	6
6	7	1	3	9	8	4	2	5
3	1	7	8	6	4	5	9	2
5	9	6	1	2	3	7	8	4
2	4	8	5	7	9	3	6	1

ज्यादा हल्दी खाने से होता है किडनी स्टोन का खतरा

ज्यादा हल्दी खाने से होता है किडनी स्टोन का खतरा, जानिए सेवन करने की सही मात्रा

आयुर्वेद में हल्दी का इस्तेमाल प्राचीन समय से चल रहा है। इसमें विटामिन सी, आयरन, कैल्शियम, डाइटरी फाइबर, जिंक, मैग्रीज और पोटैशियम होता है जो सेहत को कई तरीके के फायदे पहुंचाता है। सीमित मात्रा में हल्दी का सेवन करना सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है, लेकिन इसे ज्यादा खाना कई तरीकों से नुकसानदायक भी हो सकता है। आईए जानते हैं ज्यादा हल्दी खाने से होने वाले कुछ नुकसान के बारे में।

ज्यादा हल्दी का सेवन नहीं है खतरे से खाली

पेट से जुड़ी समस्याएं

सीमित मात्रा में हल्दी खाना पेट से जुड़ी समस्याओं को कम करती है, लेकिन इसे ज्यादा खाने से कई बार पेट फूलना, डायरिया, गैस बनने के साथ ही पाचन से जुड़ी समस्याएं भी हो सकता है।

लिवर को नुकसान

अगर आप लिवर से जुड़ी किसी समस्या से जूझ रहे हैं तो हल्दी के सेवन पर रोक लगाएं। इसे ज्यादा मात्रा में लेने से लिवर से जुड़ी समस्याएं कई बार बढ़ भी सकती हैं।

स्किन रैशेज

हल्दी का सेवन ज्यादा मात्रा में करने से स्किन रैशेज यानि त्वचा पर चकत्ते निकलने जैसी समस्या भी हो सकती है। हालांकि ऐसी स्थिति बहुत ही कम देखने को मिलती है।

किडनी स्टोन

हल्दी में ऑक्सालेट की मात्रा अधिक होती है, जो कैल्शियम के साथ मिलाकर पथरी बना सकता है। इसे ज्यादा खाने से किडनी स्टोन की समस्या भी हो सकती है।

सिरदर्द

हल्दी की हाई डोज लेने से आपको सिर में दर्द और कई बार घबराहट जैसी समस्या भी महसूस हो सकती है। हालांकि यह भी कुछ ही लोगों में देखने को मिलता है।

कितना हल्दी खाएं-

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक रोजाना एक चम्मच हल्दी खाने से लोगों की सेहत पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। वहीं, इससे ज्यादा हल्दी खाने से हेल्थ पर बुरा असर पड़ सकता है।

विचार प्रवाह

दुनिया में कोई तन से दुखी है तो कोई मन से दुखी है। यहां सुखी से सुखी आदमी भी दुखी है। सुखी केवल वही है जिसे दुख में से सुख खोजने की कला आ गई। जिस दिन आपको लगे कि पूरी दुनिया आपके सामने आपके खिलाफ खड़ी है, उस समय दुनिया की तरफ पीठ घुमाओ और एक सेल्फी लो फिश्र देखना तुम्हें लगेगा कि दुनिया तुम्हारे साथ खड़ी है। स्माइल प्लीज।

-मुनिश्री तरुण सागर

शब्द पहेली - 7584



बाएँ से दाएँ

1. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
3. ध्वज, झंडा-3
5. माहिर, होशियार-2
6. बेल, लतिका-2
8. अस्वीकृत करना-4
11. अदृश्य-3
13. फटकार, धिक्कार-3
14. अधर, होठ-2
15. सलाह, सुझाव-2
16. आश्रय-3
18. अनुमान, अंदाज-3
20. आलता, महावर-4
23. नासिका-2
25. रहस्य-2
26. रेखा, लाइन-3
27. परिमूल्य-3

ऊपर से नीचे

1. लाख, सौ हजार-2
2. बारीक, सूक्ष्म-3
3. तीन घंटे का समय-3
4. समय, वक्त-2
5. कोतवाल-3
7. बल, जोर, दम-3
9. श्रवणेंद्रिय-2
10. जो लायक न हो-4
12. कृष्ण के बड़े भाई-4
16. दर्पण, शीशा-3
17. नौका -2
19. आसान, सरल-3
21. उपस्थित-3
22. रस से भरा-3
24. बीता हुआ दिन-2
25. रजनी, निशा-2

शब्द पहेली -7583 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

उमा भारती ने अपनी बात दोहराई, कहा- मुझे भाजपा साइडलाइन नहीं करती

भोपाल, यशभारत। वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने लोधी समाज के कार्यक्रम में कही गई अपनी बात को दोहराया है। उमा भारती ने ट्वीट कर कहा कि 25/12/2022 को मैं लोधी समाज के द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गई । वहां मैंने जो भाषण दिया उसका एक अंश इंटरनेट मीडिया में आ रहा हैं एवं अखबारों में छप रहा है, उसके खंडन की जरूरत नही क्योंकि मैंने ऐसा ही बोला है ।

उमा भारती ने कहा कि कांग्रेस को हमारे बीच में आने की जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे भाजपा साइडलाइन नहीं करती, मेरी अपनी एक सीधी लाइन है और मैं उसी पर चलती हूं , स्वयं का मोक्ष एवं जगत का कल्याण ।

उमा भारती ने यह भी ट्वीट किया कि सूर्य की रोशनी, चंद्रमा की चांदनी, हवा का झोंका, फूलों की सुगन्ध, नदी की तरंग और शक्कर की मिठास यह कभी साइडलाइन नहीं होते, क्योंकि यह अंदर बाहर सब तरफ़ रचे बसे होते हैं

उल्लेखनीय है कि भाजपा की फायरब्रांड नेत्री उमा भारती ने पिछले दिनों राजधानी में आयोजित लोधी-लोधा समाज के सम्मेलन में कहा था कि मैं चुनाव में आऊंगी। मंच से संबोधित भी करूंगी, लेकिन मैं यह नहीं कहूंगी कि लोधियों, तुम बीजेपी को वोट करो। मैं सभी से कहती हूं कि तुम बीजेपी को वोट करो, क्योंकि मैं तो अपनी पार्टी की निष्ठावान सिपाही हूं, लेकिन मैं आपसे थोड़ी अपेक्षा करूंगी कि आप पार्टी के निष्ठावान सिपाही होंगे। अब आपको अपने आसपास का हित देखना उमा भारती ने यह भी कहा कि आप पार्टी के कार्यकर्ता नहीं हैं। यदि आप पार्टी के वोटर नहीं हैं तो आपको सारी चीजों को देखकर ही अपने बारे में फैसला करना है। इसलिए आप मान कर चलिए कि प्यार के बंधन में हम बंधे हुए हैं, लेकिन राजनीति के बंधन से आप पूरी तरह से आजाद हैं।उनका यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया था। इसके बाद मप्र कांग्रेस ने भी उमा भारती का यह वीडियो ट्विटर पर शेयर किया और उन?हें मप्र बचाओ अभियान में अपने साथ शामिल होने का न?यौता दे डाला।उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों उमा भारती के कट्टर समर्थक प्रीतम लोधी द्वारा ब्राह्मण समाज के बारे में विवादित बयान दिए जाने पर पार्टी द्वारा उन?हें निष्कासित कर दिया गया था। इसके बाद प्रीतम लोधी ने एक सम्मेलन में लोधी समुदाय के लोगों को एकत्रित कर शक्ति प्रदर्शन भी किया था।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने दी हीरा बा को श्रृद्धांजलि

भोपाल,ईएमएस। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीरा बा के निधन पर मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने श्रृद्धांजलि दी है।पूज्य माताजी हीरा बा का संघर्षमय जीवन हम सभी के लिये प्रेरणादायी है। उनके त्याग, समर्पण और संस्कारों का ही परिणाम है कि हमें श्री नरेंद्र मोदी जी जैसा नेतृत्व मिला। माँ का जाना एक पुत्र के लिये अपूरणीय क्षति होती है। आज इस दुख की घड़ी में पूरा देश प्रधानमंत्री जी के साथ है। मां,मां,मां....दुनियां की सबसे बड़ी दौलत है,उनका बिछोह अकाल्पनिक होता है, माननीय प्रधानमंत्री की पूज्य माताजी हीरा बेन इस संसार से बिदा हो गई हैं...ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे।

बूथ न जाने वाले मतदाताओं को मिलेगी रिमोट वोटिंग मशीन से मतदान की सुविधा

भोपाल यशभारत। मतदाताओं को जल्द ही रिमोट वोटिंग मशीन (आरवीएम) से मतदान करने की सुविधा मिलेगी। हालांकि यह सुविधा उन मतदाताओं को मिलेगी जो शिक्षा, रोजगार या किसी अन्य कारणवश किसी दूसरी जगह पर चले गए हैं और मतदान के लिए अपने मूल निवास के मतदान केंद्र पर नहीं पहुंच पाते। भारत निर्वाचन आयोग ने ऐसे मतदाताओं को रिमोट वोटिंग मशीन से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए तैयारी प्रारंभ कर दी है। भारत निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य है कि कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न हो। चाहे वह देश के किसी भी राज्य, शहर या जिले में रह रहा हो और वह अपने क्षेत्र में मतदान करने न पहुंच पा रहा हो, तो ऐसे मतदाताओं को मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरवीएम से मतदान की व्यवस्था की जा रही है।

भारत निर्वाचन आयोग ने शुरू की तैयारी

शिक्षा, रोजगार या अन्य कारण से किसी दूसरी जगह चले गए मतदाताओं को मिलेगा लाभ

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन ने बताया कि शिक्षा, रोजगार सहित किसी अन्य कारण से मतदाता किसी दूसरे राज्य में चला जाता है और मतदान के दिन वह अपने क्षेत्र में नहीं पहुंच पाता, तो उसे रिमोट इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से मतदान करने की सुविधा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी।रिमोट इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की यह रहेगी विशेषता

रिमोट इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की सबसे बड़ी खासियत है कि यह ईवीएम का एडवांस वर्जन है। यह उतना ही सुरक्षित है, जितनी कि ईवीएम। यह एक नान नेटवर्किंग सिस्टम है। एक रिमोट इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में 72 विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों की सूची रहेगी। इसमें अलग-अलग विधानसभाओं के मतदाता एक ही आरवीएम मशीन से मतदान कर सकेंगे। मतदान करने पहुंचे मतदाताओं को अपने बूथ क्रमांक और विधानसभा क्षेत्र का नाम बताना होगा।

देश के किसी राज्य में निवासरत मतदाता को रिमोट वोटिंग मशीन से मतदान करने के लिए पहले अपने गृह क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन करना होगा। यह आवेदन आनलाइन और आफलाइन किया जा सकेगा। आवेदन मिलने के बाद गृह क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मतदाता का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद ही उसे रिमोट वोटिंग मशीन से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी।

अच्छे स्कूल में एडमिशन के लिए पिता ने लगाया ट्यूशन, बेटी ने पैरट की स्पेलिंग गलत बताई को हैवान बन गया टीचर

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में अंग्रेजी शब्द 'पैरट' की स्पेलिंग नहीं बताने पर 22 वर्षीय एक ट्यूशन टीचर ने कथित तौर पर पांच साल की एक बच्ची का हाथ जोर से मरोड़कर तोड़ दिया। एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले में आरोपी ट्यूशन टीचर को गिरफ्तार कर लिया गया है। हबीबगंज पुलिस थाना प्रभारी मनीष राज सिंह भदौरिया के मुताबिक, हबीबगंज इलाके में प्रयाग विश्वकर्मा नाम के एक ट्यूशन टीचर ने मंगलवार को 'पैरट' शब्द की स्पेलिंग नहीं बता पाने पर अपनी एक छात्रा का हाथ इतनी बुरी तरह से मरोड़ दिया कि उसका हाथ ही टूट गया। उन्होंने बताया कि ट्यूशन टीचर ने छात्रा को थप्पड़ भी मारा। वहीं, गैर-सरकारी संगठन 'चाइल्ड लाइन' की संचालिका अर्चना सहाय ने बताया कि घटना में बच्ची गंभीर रूप से घायल हुई है। और उसके दाहिने हाथ की हड्डी टूट गई है।

बर्फबारी से मध्य प्रदेश में सर्दी बढ़ी दो दिन बाद शीतलहर चलने के आसार

भोपाल यश भारत। पश्चिमी विक्षोभ के असर से उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो गई है। हवा का रुख भी उत्तरी बना हुआ है। जिसके चलते मध्य प्रदेश में सिहरन और बढ़ गई है। इसी क्रम में गुरुवार को मध्य प्रदेश में सबसे कम 4.5 डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में दर्ज किया गया। राजधानी सहित 23 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शनिवार से कड़ाके की सर्दी शुरू होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान मध्य प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। न्यूनतम तापमान जबलपुर एवं नर्मदापुरम संभाग के जिलों में काफी गिरे। शेष सभी संभागों के जिलों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। न्यूनतम तापमान लगभग सामान्य रहे। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ अफानिस्तान पर बना हुआ है। उसके प्रभाव से उत्तरी पाकिस्तान पर एक प्ररित चक्रवात बन गया है। उधर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू हो गई है। साथ ही हवा का रुख उत्तरी बना हुआ है। उत्तर भारत की तरफ से सर्द हवाओं के कारण मध्य प्रदेश में ठंड बढ़ गई है। शुक्ला के मुताबिक बर्फबारी का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रह सकता है। शनिवार को पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढ़ने के आसार हैं। उसके बाद मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ने की संभावना है। तब कई शहरों में शीतलहर भी चल सकती है।

भाजपा उपाध्यक्ष सीमा सिंह पर मंडल अध्यक्ष ने की आपत्तिजनक टिप्पणी

भोपाल, यशभारत। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह के फेसबुक अकाउंट पर अरेरा भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकुल लोखंडे ने आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। यह मामला इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष ने घटना की शिकायत वरिष्ठ नेताओं से की है। राजधानी के अरेरा मंडल अध्यक्ष मुकुल लोखंडे ने अपने फेसबुक अकाउंट पर प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह को टैग कर आपत्तिजनक बातें लिखी । इस मामले में जिला संगठन ने प्रदेश कार्यालय को मुकुल लोखंडे से जुड़े तथ्यों से अवगत कराया है। लोखंडे इससे पहले भी विवादों में ??घिर चुके हैं। दो माह पहले लोखंडे की पत्नी ने अपनी बेटियों के साथ एमपी नगर थाने पहुंचकर पति पर मारपीट एवं धमकी देने का मामला दर्ज कराया था। लोखंडे ने अपनी पत्नी एवं मासूम बेटियों की पिटाई की थी। इसकी शिकायत एमपी नगर थाने में दर्ज हुई थी। बिट्टन मार्केट में सब्जी व्यापारियों को धमकाने के मामले में भी स्थानीय व्यापारियों ने लोखंडे की शिकायत महापौर मालती राय से की है। जिला संगठन के मुताबिक लोखंडे के खिलाफ निष्कासन का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है इसे प्रदेश संगठन की सहमति के लिए भेजा जाएगा।

बीआरटीएस कारिडोर में एंबुलेंस और बाइक की भिड़त, दो की मौत

भोपाल, यशभारत। श्यामला हिल्स के बाणगंगा और पालिटेक्निक के बीच बीआरटीएस कारिडोर में गुरुवार शाम साढ़े सात बजे के करीब बाइक और एंबुलेंस में आमने-सामने भिड़त हो गई। इसमें बाइक सवार युवती समेत दो लोगों की मौत हो गई, जब दो लोगों को नाजुक हालत में हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस एंबुलेंस को जब्त कर लिया है।जहां घटना हुई, वहां पुलिस का चेकिंग प्वाइंट रहता है। श्यामला हिल्स थाना प्रभारी उमेश यादव के मुताबिक सोमवार शाम करीब सा? 7 बजे के आसपास बाइक पर पलासिया जिला छिंदवाड़ा निवासी 20 वर्षीय कांता धारवे अपने साथ दीपिका (19), अंजली(17) और प्रियंका (20) को लेकर घूमने निकले थे। घूमकर वह वापस पालिटेक्निक चौराहे की तरफ से न्यू मार्केट की तरफ आ रहे थे।कारिडोर में कार को ओवरटेक करते सामने एंबुलेंस आ गई बाइक सवार कांता धारवे एक बाइक पर चार लोगों को बिठाकर थे। वह पालिटेक्निक से न्यू मार्केट जाने के लिए बीआरटीएस कॉरिडोर में घुस आया था और एक आगे चल रही एक कार को ओवरटेक करते ही सामने एंबुलेंस आ गई। उसने बाइक को जोरदार टक्कर मारी। इससे बाइक सवार करीब दस फीट तक घिसटते चले गए। बाइक सवार लड़कियों उछलकर दूर जाकर गिरी। इस बाइक चला रहा कांता धारवे और दीपिका की मौके पर मौत हो गई। जबकि प्रियंका और अंजली को गंभीर चोट लगी है। दोनों को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों को होश नहीं आया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि एंबुलेंस पिपरिया के वनखेड़ी से आई थी। एंबुलेंस में मरीज नहीं थे, बल्कि चालक था और वह अस्पताल की दवाइयां लेने आया था। एंबुलेंस बीआरटीएस कॉरिडोर में चल रही थी इसकी रफ्तार भी तेज थी और उसने सामने आ रही बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे के समय बाइक सवार एंबुलेंस से सामने से टकराया है। बाइक की रफ्तार भी अधिक रही होगी , एंबुलेंस का आगे का हिस्सा बुरी तरह से पिचक गया है। चश्मदीद राकेश कुमार ने बताया कि हादसे के बाद बाइक चकनाचूर हो गई। उसके टुकड़े कारिडोर में बिखर गए।पुलिस मौके से बाइक सवार कांता का हेलमेट नहीं मिला है, अगर वह हेलमेट पहने होता तो उसकी जान बच सकती थी। उसके सिर में माथे पर बीच में गहरी चोट होने के कारण उसका काफी खून बह गया था।

पठान पर सेंसर बोर्ड की कैंची से खुश हुए गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा

कहा- फैसला सराहनीय, भगवा बिकनी पर हुआ था विवाद

भोपाल, ईएमएस। बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की फिल्म च्पठानज् को लेकर विवाद चल रहा है। फिल्म के गाने बेशर्म रंग को लेकर देश में जमकर विवाद हुआ। अब इस मामले में सेंसर बोर्ड भी सामने आया है। सेंसर बोर्ड ने भगवा बिकनी समेत फिल्म के कई सीन पर कैंची चलाई है। सेंसर बोर्ड के फैसले पर मध्यप्रदेश के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने खुशी जताई है। नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि सेंसर बोर्ड का फैसला सराहनीय है। जब यह मामला मेरे सामने आया था तभा मैंने कहा था कि रील लाइफ रियल लाइफ पर असर डालती है। बता दें कि भगवा रंग के कप?ों में आपत्तिजनक सीन फिल्माए जाने को लेकर मध्यप्रदेश में जमकर विरोध हुआ था। वीडियो जारी करते हुए नरोत्तम मिश्रा ने कहा- फिल्म पठान पर सेंसर बोर्ड का निर्णय सराहनीय है। जब यह मामला मेरे सामने आया था तभी मैंने कहा था कि रील लाइफ रियल लाइफ पर भी असर डालती है। निर्माता-निर्देशकों और कलाकारों, सभी को इस बात का ध्यान रखना चाहिए। मध्यप्रदेश के कई हिन्दूवादी संगठनों ने पठान फिल्म पर रोक लगाने की मांग की थी। क्या कहा सेंसर बोर्ड ने सेंसर बोर्ड ने गुरुवार को फिल्म मेकर्स को फिल्म के कुछ सीन पर बदलाव करने का सुझाव दिया है। बोर्ड ने फिल्म की रिलीज से पहले रिवाइज्ड वर्जन सबमिट करने को कहा है। बता दें फिल्म 25 जनवरी को सिनेमा घरों में रिलीज होनी है। फिल्म के सीन को लेकर सोशल मीडिया में जमकर विरोध हुआ था। कुछ लोगों ने फिल्म के समर्थन में पोस्ट किए थे तो कुछ लोगों ने फिल्म को बैन करने की मांग की थी। फिल्म का गाना सामने आने के बाद भगवा बिकनी को लेकर विवाद शुरू हो गया था।

भाई-छोटे भाई के शीतयुद्ध से परेशान कांग्रेस आलाकमान, संतुलन साधने की रणनीति में जुटे

भोपाल, यशभारत। मध्यप्रदेश में कांग्रेस के भीतर तेजी से समीकरण बदलने लगे हैं। बड़े भाई-छोटे भाई की जोड़ी के रूप में मशहूर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की अंदरूनी खेमेबाजी अब सतह पर आने लगी है। इसके साथ पार्टी के दूसरे नेता भी मुखर हो गए हैं। अगले साल विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी हाईकमान संतुलन बिठाने की रणनीति पर काम कर रहा है।

सिंधिया की विदाई के बाद भी नहीं रुकी गुटबाजी

एमपी कांग्रेस में गुटबाजी किसी से छिपी नहीं है। ज्योतिरादित्य सिंधिया की पार्टी से विदाई के बाद गुटबाजी खत्म होने की उम्मीद जगी थी, लेकिन यह मृग मरीचिका ही साबित हुई। सिंधिया की विदाई में अहम भूमिका निभाने

वाली कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की जोड़ी शुरुआत में मिलकर काम करती रही, लेकिन चुनाव नजदीक आते ही दोनों के बीच शीतयुद्ध शुरू हो गया। इस बीच, इन दोनों से अलग नेताओं के भी अपने गुट बन गए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा जब मध्य प्रदेश से होकर गुजरी, तब उनके सामने भी पार्टी की गुटबाजी सामने आ गई।

कमलनाथ-दिग्विजय के गले मिलने का असर नहीं

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने खुद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को गले मिलाया था, लेकिन इसका खास असर नहीं दिख रहा। कमलनाथ संगठन में बड़ी सर्जरी की तैयारी में हैं। वह कई जिला अध्यक्षों से लेकर ब्लॉक अध्यक्ष तक को बदलने वाले हैं। ये वे पदाधिकारी हैं जिनकी निष्क्रियता को लेकर पार्टी चिंतित है और युवा के साथ जनाधार वाले व्यक्ति को कमान सौंपना चाहती है। दिग्विजय सिंह खेमे को डर है कि कमलनाथ अपने समर्थकों को संगठन में तरजीह दे सकते हैं।

दूसरे नेताओं को भी साधने की कोशिश

पार्टी आलाकमान को असली चिंता प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर है। इसे देखते हुए संतुलन बिठाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव को छत्तीसगढ़ में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का ऑब्जर्वर बनाया गया है। अरुण यादव को पहले खंडवा लोकसभा का उपचुनाव लड़ने से रोका गया, उसके बाद राहुल गांधी की यात्रा के दौरान निमाड़-मालवा के प्रभार के मामले में भी उन्हें कमतर आंका गया था।

सीएम ने हटाने को कहा संभागायुक्त ने निवाड़ी कलेक्टर को छुट्टी पर भेजा

हल्ला मचा तो जारी हुए हटाने के आदेश

भोपाल,ईएमएस। जमीन के नामांतरण में लापरवाही और सरकारी भूमि में हेरफेर की शिकायतों के चलते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निवा?ी कलेक्टर तरुण भटनागर को हटाने के निर्देश बुधवार को दिए थे। उनके निर्देश पर तत्काल कार्रवाई तो हुई नहीं, उल्टा सागर संभाग के आयुक्त मुकेश कुमार शुक्ला ने तरुण भटनागर को अर्जित अवकाश दे दिया।साथ ही जिला पंचायत टीकमगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन को निवाड़ी कलेक्टर का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया। हल्ला मचा तो शासन हरकत में आया और गुरुवार शाम तरुण तरुण भटनागर को हटाने के आदेश जारी करते हुए डिंडौरी में पदस्थ अपर कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को निवाड़ी कलेक्टर बनाया गया।बता दें, मुख्यमंत्री बुधवार को निवाड़ी जिले में ग?कुंडार महोत्सव में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्हें कलेक्टर के विरुद्ध शिकायतें मिली थीं। शिवराज सिंह ने मंच से ही कलेक्टर और ओरछा के तहसीलदार संदीप शर्मा को हटाने के निर्देश दिए। बुधवार देर रात तक शासन तरुण भटनागर को हटाने के निर्देश जारी नहीं कर पाया।

उद्योग नगरी के लिए उथल पुथल वाला रहा 2022

एसीसी का बदला निजाम, नए जोनल हेड के रूप में वैभव दीक्षित ने सम्हाली कमान

कैमोर, यशभारत। बीत रहा साल 2022 उद्योग नगरी कैमोर के लिए काफी उथल-पुथल वाला रहा। अनेक बड़े बदलाव हुए जिनका असर आने वाले कई सालों तक रहेगा। क्षेत्र के सबसे बड़े उद्योग एसीसी का पूरा निजाम बदल गया। देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने अडानी समूह की यहां एंट्री हो गई। डायरेक्टर प्लांट सहित प्लांट और प्रोजेक्ट हेड भी बदल गए। रोजगार पाने कैमोर और निर्माणाधीन अमेहटा प्रोजेक्ट में धरना-प्रदर्शन आंदोलन का सिलसिला इस साल भी चलता रहा। रोजगार के वायदे पर अमल नहीं करने के कारण एसीसी मैनेजमेंट को कई बार विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की नाराजगी का सामना करना पड़ा। श्रमिक राजनीति के क्षेत्र में एक नए श्रमिक संगठन ने अपनी मौजूदगी दर्ज करा दी है। 8 साल बाद हुए नगर परिषद चुनाव में भाजपा ने धमाकेदार जीत दर्ज करते हुए कांग्रेस का सफाया कर दिया। परिषद के सभी 15 वार्डों में कांग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ा। इस करारी हार से कांग्रेस अब तक उबर नहीं पाई। प्रशानिक दृष्टि से भी यह साल तबादलों वाला रहा। टी आई से लेकर एसडीओपी और तहसीलदार से लेकर एसडीएम तक सभी का तबादला हुआ है। कैमोर के साथ-साथ विजयराघवगढ़ में भी नए सीएमओ पदस्थ हुए हैं। अपराध जगत के आईने में देखें तो अमेहटा में एक बच्ची के अपहरण और दुष्कर्म की वारदात सुर्खियों में रही। इस वारदात के बाद पुलिस सहित प्रवासी मजदूरों को भी ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा।

साल 2022 के अप्रैल- मई महीने से ही कैमोर में इस बात की चर्चा शुरू हो गई थी कि एसीसी उद्योग का सौदा अडानी ग्रुप से हो गया है। एसीसी और अम्बुजा सीमेंट पर अपना स्वामित्व रखने वाली विदेशी कम्पनी होलसिम भारत में अपनी हिस्सेदारी बेचकर जाने वाली है। अन्ततः यह चर्चा सही साबित हुई। धनकुबेरों की फेहरिस्त में दुनिया के दूसरे नम्बर तक पहुंच चुके अडानी ग्रुप के संस्थापक गौतम अडानी ने लगभग 82 हजार करोड़ का भुगतान करके होलसिम से एसीसी और अम्बुजा का स्वामित्व खरीद लिया। कुछ महीनों तक हैंडओवर और टेकओवर की प्रक्रिया के बाद सितम्बर महीने में अडानी ग्रुप ने एसीसी और अम्बुजा का पूरी तरह अधिग्रहण कर लिया। सीमेंट सेक्टर का प्रभार गौतम अडानी के बड़े बेटे करण अडानी ने सम्हाला और कुछ ही दिनों में एसीसी सहित अम्बुजा का पूरा टॉप मैनेजमेंट बदल गया। एसीसी कैमोर प्लांट के डायरेक्टर के आर रेड्डी का तबादला चांदा प्लांट कर दिया गया। जामुल प्लांट में पदस्थ रहे डायरेक्टर प्लांट वैभव दीक्षित को नया जोनल हेड बनाकर उन्हें कैमोर, अमेहटा सहित उत्तर प्रदेश के टिकरिया प्लांट की जिम्मेदारी भी सौंप दी। अमेहटा में भी नए प्रोजेक्ट हेड के रूप में दीपक जसूजा की पदस्थापना कर दी गई। सभी नए पदाधिकारियों ने अपना प्रभार सम्हाल लिया।

8 साल बाद हुए नगर परिषद चुनाव में भाजपा की धमाकेदार जीत, कांग्रेस सबसे बुरे दौर में

पायलेटिंग और फालोगार्ड के साथ पहुंचे करण अडानी

एसीसी के एमडी बनने के बाद करण अडानी ने आधा दर्जन से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कैमोर और अमेहटा प्लांट का पहला विजिट किया। अडानी के स्पेशल प्लेन की लैंडिंग जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट में हुई जहां से लग्जरी गाड़ियों के काफिले के साथ वे कैमोर पहुंचे। देश में वीआईपी पर्सन का दर्जा प्राप्त होने के कारण जबलपुर और कटनी प्रशासन ने उनकी जबलपुर से कैमोर तक की सड़क यात्रा के दौरान पायलेट वाहन और फालोगार्ड की सुरक्षा उपलब्ध कराई। यह पहला अवसर था जब एसीसी के एमडी को शासन स्तर पर पायलेट और फालोगार्ड दिए गए। कैमोर के विजिट के दौरान ही करण अडानी ने कैमोर में एक और प्लांट लगाने का ऐलान किया। हेडऑफिस लौटने के बाद नए प्लांट के लिए स्थल का चयन करने उन्होंने अधिकारियों की एक टीम कैमोर भेजी। टीम स्थल निरीक्षण करके जा चुकी है, अब क्षेत्रवासियों को नए प्लांट का निर्माण कार्य शुरू होने का इंतजार है।

पुलिस और प्रशासन के सभी बड़े अधिकारी इधर से उधर

कैमोर नगर परिषद में कई महीने तक सीएमओ का पद खाली रहा। कभी विजयराघवगढ़ तो कभी बरही के सीएमओ को यहां का प्रभार मिलता रहा। नए साल में सतना नगर निगम के उपायुक्त रहे धर्मेन्द्र शर्मा कैमोर के सीएमओ बनकर आये। कैमोर थाना प्रभारी अरविंद जैन का तबादला शाम को कुठला किया गया जो सुबह निरस्त भी हो गया। बाद में उन्हें बरही थाने की कमान सौंपी गई। सुदेश सुमन कैमोर के टी आई बने। एसडीओपी शिखा सोनी का भी तबादला कर दिया गया उनकी जगह उमरावसिंह कैमोर के एसडीओपी बन कर आये। एसडीएम प्रिया चन्द्रावत को कटनी भेज दिया गया उनकी जगह महेश मंडलोई विजयराघवगढ़ के नए एसडीएम बने। विजयराघवगढ़ तहसील न्यायालय में अधिवक्ताओं से विवाद के बाद नायब तहसीलदार को हटाना पड़ा। साल के अंत अंत में जनपद सीईओ का भी तबादला हो गया।

रोजगार के लिए जारी रहा आंदोलन प्रदर्शन का दौर

कैमोर के अमेहटा में एसीसी के नए प्लांट का निर्माण शुरू होने से पहले एसीसी के तत्कालीन सीईओ और एमडी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित क्षेत्रीय सांसद और विधायक की मौजूदगी में वायदा किया था कि नए प्रोजेक्ट में 70 फीसदी रोजगार स्थानीय लोगों को दिया जाएगा पर निर्माण कार्य शुरू होने के बाद एसीसी प्रबंधन ने इस पर अमल नहीं किया। 80 फीसदी से अधिक काम बाहरी ठेकेदारों को मिला जो अपने साथ हजारों की संख्या में बाहरी मजदूर लेकर यहां आए। एसीसी की इस वायदा खिलाफी को लेकर स्थानीय बेरोजगारों ने अनेक बार रोजगार की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन भी किया। क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने भी कई बार प्रबंधन को फटकार लगाई। इसी बीच एसीसी के तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान एस एमटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भी स्थायी नौकरी नहीं मिलने से नाराज युवाओं ने एसीसी के मुख्य द्वार पर धरना शुरू कर दिया। विधायक श्री पाठक ने धरने पर बैठे बेरोजगारों की मांग का न केवल समर्थन किया बल्कि उनके साथ धरने पर भी बैठे। लगभग तीन सप्ताह तक चले धरना प्रदर्शन के बाद विधायक श्री पाठक की मध्यस्थता में मैनेजमेंट और आंदोलन कर रहे ट्रेनीज की बैठक हुई जिसमें 15-15 के लाट में इन ट्रेनीज को नौकरी पर रखने का करार हुआ। समझौते के एक महीने बाद कम्पनी ने पहले लाट में 15 ट्रेनीज को नियुक्त कर लिया पर दूसरे और तीसरे लाट को अभी भी जॉइनिंग लेटर का इंतजार है।

एक और नए श्रमिक संगठन ने भरी हुंकार

कैमोर एक श्रमिक बहुलता वाला औद्योगिक क्षेत्र है। दो-तीन दशक पहले तक यहां हजारों की संख्या में स्थायी श्रमिक होते थे। इन श्रमिको के हितों की लडाई के लिए श्रमिक संगठन भी थे। लगभग पांच दशक से भी अधिक समय तक यहां श्रमिक राजनीति में इंटक यूनियन का दबदबा रहा। बीएमएस की यूनियन भी थी पर उसे कोई जानता भी नहीं था। सन 2010-11 के बाद से बीएमएस यूनियन ने भी अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया। बीएमएस की सदस्य संख्या और ताकत इतनी बड़ी की वह इंटक को चुनौती देने लगी। कांग्रेस समर्थक एक और यूनियन भी अस्तित्व में रही पर उसका असर एवरेस्ट इंडस्ट्रीज तक सीमित रहा। अब बीएमएस से बगावत करके कुछ श्रमिकों ने कैमोर सीमेंट और खदान मजदूर संघ के नाम से एक नया श्रमिक संगठन खड़ा कर लिया है। इस यूनियन ने बीएमएस की सम्बद्धता का दावा भी पेश कर दिया है साथ ही अक्टूबर माह में बीएमएस के प्रांतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर प्रतिद्वंद्वी श्रमिक संगठन के सामने चुनौती भी पेश कर दी है।

2 साल के अंतराल के बाद फिर शुरू हुआ कैमोर का दशहरा

सन 2020 और 2021 कोविड आपदा की महामारी वाले साल रहे। कोविड प्रोटोकॉल के चलते सभी तरह के सार्वजनिक आयोजनों पर रोक रही। कैमोर में मनाया जाने वाला दशहरा महोत्सव भी दो साल बन्द रहा। इस साल 2022 में कोविड की समस्या नहीं थी। अयोजनों पर लगी रोक भी हटा ली गई थी। दो साल के अंतराल के बाद फिर कैमोर में ऐतिहासिक दशहरा महोत्सव का आयोजन हुआ। लगभग 90 फुट ऊंचा रावण का विशाल पुतला तैयार किया गया। जिसका विजयादशमी की शाम दहन किया गया। पुतला दहन और आतिशबाजी का नजारा देखने 70 हजार से भी अधिक दर्शक कैमोर के एसीसी रामलीला मैदान में मौजूद रहे।

चुनाव में कांग्रेस का सफाया भाजपा की हुई नगर परिषद

साल 2022 चुनावी साल रहा। 8 साल बाद नगर परिषद के चुनाव हुए। परिषद अध्यक्ष का पद अनारक्षित महिला वर्ग के लिए आरक्षित था। इस बार अध्यक्ष के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से नहीं कराये गए। पहले वार्ड पार्षद पदों के लिए चुनाव कराये गए। इन्हीं निर्वाचित पार्षदों से अध्यक्ष का चुनाव होना था। पार्षद पद के चुनाव में 10 पदों पर भाजपा के उम्मीदवार विजयी हुए तो 5 पदों पर भाजपा के ही बागी उम्मीदवारों को जीत मिली। चुनाव के बाद ये निर्दलीय पार्षद भी भाजपा में शामिल कर लिए गए जिससे पूरी परिषद भाजपा की हो गई। नगर परिषद चुनाव के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब 15 में से एक भी वार्ड में कांग्रेस जीत हासिल नहीं कर पाई। कई वार्डों में कांग्रेस उम्मीदवार तीसरे नम्बर पर रहे। परंपरागत आदिवासी वार्ड जिनमें हमेशा कांग्रेस जीतती आई थी वह भी कांग्रेस से छिटक कर भाजपा की झोली में चले गए। कांग्रेस से अच्छा प्रदर्शन निर्दलीय पार्षदों का रहा। परिषद चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की मौजूदगी में निर्विरोध अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव की रणनीति बनी जिसमें पूर्व परिषद उपाध्यक्ष अजय पप्पू शर्मा की पत्नी मनीषा शर्मा नगर परिषद की निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुई। श्रीमती शर्मा वार्ड क्रमांक 10 से भारी मतों के अंतर से पार्षद चुनी गई थीं। उपाध्यक्ष पद का चुनाव भी निर्विरोध हुआ जिसमें वार्ड नं 2 से निर्वाचित संतोष केवट उपाध्यक्ष चुने गए। चुनाव के बाद प्रभार सम्हालते ही अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सक्रिय हो गए। विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के मार्गदर्शन में भाजपा की नगर परिषद नगर के समग्र विकास की योजना बनाकर काम कर रही। मुख्य सड़क सहित वार्डों की अंदरूनी सड़कों का निर्माण, पक्की नालियों का निर्माण शुरू करा दिया गया है। पनिहाई धाम के सौंदर्यीकरण के लिए 75 लाख से भी अधिक राशि से भूमिपूजन विधायक श्री पाठक के हाथों हो चुका है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए नगर परिषद में लायब्रेरी सुविधा प्रारंभ है। बस स्टैंड, अतिथि भवन, विकसित पार्क, चौपाटी आदि के प्रस्ताव स्वीकृत हैं आने वाले समय मे नागरिकों को विकास के नए कार्यो की सौगात भी मिलेगी।

एसीसी की बीएमजी माइंस और क्रेशर बंद कराया ग्रामीणों ने

फरवरी मार्च के महीने में कैमोर निवासी एक खनिज व्यवसायी द्वारा एसीसी की बीएमजी माइंस आने जाने वाले मार्ग पर ब? ब? अवरोध ख? कर दिए और मार्ग की उक्त भूमि सहित माइंस के कुछ भाग पर अपना स्वामित्व बताया। यह स्थिति विजयराघवग? व्यवहार न्यायालय के एक फैसले के बाद बनी जिसमें न्यायालय ने एसीसी की ओर से दायर की गई याचिका सुनवाई के बाद निरस्त कर दी थी। इस विवाद के कारण कई दिन बीएमजी माइंस में खनन और परिवहन बन्द रहा। एक सैक?ा से अधिक स्थायी और अस्थाई कर्मचारियों के सामने रोजी रोटी का संकट आ गया था। कुछ ग्रामीणों ने बीएमजी के क्रशर पर धरना देकर उसे भी बन्द करा दिया था। इसी दौरान एसीसी की मेहगांव माइंस का क्रशर भी किसी तकनीकी खराबी के कारण बन्द हो गया। 10.15 किलोमीटर दूर एसीसी की जमुआनी माइंस और क्रशर से गिट्टी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो सकी मजबूरी में प्लांट चलाने के लिए एसीसी को बाहरी सोर्स से गिट्टी खरीदनी प?ी। बाद में क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के प्रयासों से एसीसी बीएमजी माइंस चालू हो पाई।

पुलिस को चकमा देकर भागा दुष्कर्म का आरोपी, फूटा आक्रोश

वैसे तो पूरे साल निर्माणाधीन नए सीमेंट प्लांट के कारण अमेहटा क्षेत्र सुर्खियों में रहा। कभी रोजगारों का धरना प्रदर्शन तो कभी प्रोजेक्ट के अधिकारियों से मारपीट तो कभी कोई आपराधिक घटना दुर्घटना यहां होती ही रही पर सितम्बर माह में हुई एक सनसनीखेज वारदात से तो यहां कोहराम मच गया। कुठला थाना क्षेत्र का एक जिलाबदर आरोपी अमेहटा क्षेत्र में एक ढाबे में काम करते हुए फरारी काट रहा था इस आरोपी की पुलिस को कोई खबर नहीं थी। इस आरोपी ने घर में अपनी मां के साथ सो रही एक अबोध बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म का प्रयास किया। आरोपी को रात में ही ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था पर डायल 100 वाहन में थाने ले जाते समय आरोपी पुलिस वाहन से कूदकर फरार हो गया। अबोध बालिका के अपहरण और दुष्कर्म की घिनोनी घटना के कारण ग्रामीणों में पहले से ही आक्रोश था। आरोपी के पुलिस अभिरक्षा से फरार हो जाने की खबर ने आग में घी का काम किया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने चकाजांम कर दिया। पुलिस के वाहन पर पथराव और तोड़फोड़ की। अमेहटा में रह रहे हजारों प्रवासी मजदूरों को भी आक्रोशित ग्रामीणों ने अपना निशाना बनाया। उनके ठिकानों पर लाठी डंडों से लैस होकर हमला कर दिया। पूरे जिले का पुलिस बल और आधा दर्जन से अधिक टी आई मोर्चा सम्हाले रहे। ग्रामीणों में से ही कुछ ने मौके का फायदा उठाते हुए अमेहटा प्रोजेक्ट में घुसकर लूटपाट की। लाखों रुपये की मशीनरी और पार्ट्स ग्रामीण ट्रक-ट्रैक्टरों में भरकर ले गए। माहौल इतना गरम था कि पुलिस और एसीसी के सुरक्षा गार्ड भी कुछ नहीं कर पाए। ग्रामीणों के हमले से भयभीत होकर सैकड़ों प्रवासी मजदूर पलायन कर गए। खेत खलिहान और पगडंडियों से होकर पैदल भागते हुए कुछ मजदूर विजयराघवगढ़ पहुंचे तो कुछ झुकेही। वारदात के दूसरे दिन ही अबोध बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया था पर ग्रामीणों का हंगामा कई दिन तक चलता रहा। इस वारदात से कैमोर पुलिस की काफी बदनामी हुई। अमेहटा प्रोजेक्ट का काम कई दिन बन्द रहा।

महिलाओं के हाथों विकास की बागडोर

कैमोर एवं विजयराघवगढ़ नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष का पद इस बार महिला वर्ग के लिए आरक्षित रहा, चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराए गए। पहले पार्षदों के चुनाव हुए फिर पार्षदों ने पार्षदों के बीच से ही अध्यक्ष का चुनाव किया। कैमोर में वार्ड पार्षद चुनकर आईं मनीषा अजय शर्मा और विजयराघवगढ़ नगर परिषद में पार्षद चुनी गईं वसुधा मनीष मिश्रा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। अब नगर के चहुंमुखी विकास की बागडोर इन महिलाओं के हाथों में ही रहेगी। नगर परिषद चुनाव में कैमोर, विजयराघवगढ़ सहित बरही में भी भाजपा का दबदबा रहा। तीनों जगह अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। तीनों नगर परिषदों सहित विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत पर भी भाजपा उम्मीदवारों को विजयश्री दिलाने में विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की अहम भूमिका रही। उन्हीं के मार्गदर्शन में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि विकास कार्यों को नई गति प्रदान कर रहे।

आवश्यकता

कटनी में रियल्टी मार्केटिंग के लिये 18 से 45 वर्ष के युवकों की आवश्यकता है। इच्छुक युवक इन नंबरों पर शीघ्र संपर्क करें

9827172259, 9713894057

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन- 2380333

अलबिदा पेले : ब्राजील को तीन बार जिताया विश्व कप

खेल जगत में मिला ब्लैक पर्ल का टैग

साओ पाउलो, एजेंसी। फुटबॉल के महानतम खिलाड़ी ब्राजील के दिग्गज पेले ने 82 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। वे कोलोन कैंसर से पीड़ित थे। विश्व भर के फुटबॉल प्रेमियों में पेले की छवि एक आदर्श खिलाड़ी की रही है। ब्राजील को तीन बार विश्व कप जिताकर चैंपियन बनाने का श्रेय उन्हें जाता है। उनके करिश्माई खेल की बदौलत ही उन्हें ब्लैक पर्ल का तमगा दिया गया है।

कौन थे पेले

पेले एक ब्राज़ीलियाई फ़ुटबॉल (सॉकर) खिलाड़ी थे। उनका वास्तविक नाम एडसन अरांतेस डो नैसिमेंटो था। खेल में अभूतपूर्व योगदान के अलावा वह समाजसेवा में भी आगे रहे। वे तीन बार विश्व कप विजेता ब्राज़ीलियाई राष्ट्रीय टीमों (1958, 1962 और 1970) के सदस्य थे। उन्हें ब्लैक पर्ल के नाम से भी जाना जाता था। वे अपने समय में शायद दुनिया के सबसे प्रसिद्ध और संभवतः सबसे अधिक भुगतान पाने वाले एथलीट रहे हैं। वह तीन विश्व कप चैंपियनशिप (1958, 1962 और 1970) जीतने वाली ब्राज़ीलियाई राष्ट्रीय टीमों का हिस्सा थे। उन्हें ब्लैक पर्ल के टैग से सम्मानित किया गया है।

21 साल के करियर में 1283 गोल

21 वर्ष के सुनहरे करियर में पेले ने 1,283 गोल किए। उन्हें 20वीं सदी का पहला वैश्विक आइकन माना जाता है।वर्ष 1970 में मेक्सिको में खेला गया विश्व कप पेले के जीवन का यादगार टूर्नामेंट बन गया। ब्राजील ने यह फाइनल 4-1 से जीता। अब ब्राजील की सुनहरे पीले रंग की और उस पर अंकित नंबर 10 प्रशंसकों के बीच पेले की पहचान बन चुका था। उन्हें अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति ने एथलीट आफ द सेंचुरी और फीफा ने सदी का फुटबालर और ब्राजील सरकार ने नेशनल ट्रेजर घोषित किया था।

दुनिया में चमकाया ब्राजील का नाम

दो दशक तक पेले ब्राजील की राष्ट्रीय टीम और वहां के क्लब सैंटोस के लिए खेले। उन?होंने ब्राजील का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया। 17 वर्ष की उम्र में वर्ष 1958 में स्वीडन में पहली बार विश्व कप में हिस्सा लिया था। ब्राजील ने यह मैच 5-2 से जीता था।

सैंटोस क्लब को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया

पेले ने वर्ष 1956 में ब्राजील के तटीय क्षेत्र के छोटे से क्लब सैंटोस को अपने खेल से नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। कई स्थानीय व राष्ट्रीय खिताबों के साथ पेले ने दो कोपा लिबर्टाडोर्स खिताब भी जीते जिसे दक्षिण अमेरिका में चैंपियंस लीग खिताब के बराबर माना जाता है। उन्होंने दो इंटरकांटिनेंटल कप भी जीते जो यूरोप और दक्षिण अमेरिका की सर्वश्रेष्ठ के बीच हर वर्ष खेला जाने वाला टूर्नामेंट है।

निजी जीवन की दुश्वारियां

बीते कुछ वर्षों से पेले स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। वर्ष 2012 में कूल्हे के आपरेशन के बाद उन्हें चलने में भी दिक्कत होती थी। दो वर्ष पहले उनके बेटे एडिन्हो ने कहा था कि बीमारी के कारण पेले अवसादग्रस्त हो गए थे।

सेंसर बोर्ड ने पठान के बेशरम रंग गाने पर चलाई कैंची, भगवा बिकिनी समेत

फिल्म में कई कट्स

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की अपकमिंग फिल्म पठान रिलीज के पहले से ही विवादों में रही। इसके पहले गाने बेशर्म रंग को लेकर जमकर विवाद हुआ। दीपिका पादुकोण के बोल्ड डांस और भगवा बिकिनी पहनने पर सोशल मीडिया पर काफी विवाद देखने को मिला। इस पूरी कॉन्ट्रोवर्सी के बीच पठान को लेकर सेंसर बोर्ड की ओर से बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि सेंसर बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेट की ओर से पठान के गाने, बिकिनी और कई अन्य चीजों को छांटने पर सुझाव दिए गए हैं। साथ ही सेंसर बोर्ड ने मेकर्स से कहा है कि वह इन सुझावों पर काम करके थिएट्रीकल रिलीज से पहले संपादित वर्जन को जमा करवाए। आइए बताते हैं पठान को लेकर सेंसर बोर्ड ने क्या क्या सुझाव दिए हैं। क्या पठान में मेकर्स बड़े बदलाव करने की तैयारी में लगे हैं? CBFC के चेयरपर्सन प्रसून जोशी ने Pathaan पर बातचीत करते हुए कहा कि, हाल में ही यह फिल्म सीबीएफसी में एग्जामिनेशन कमेटी के पास सर्टिफिकेट के लिए आई है। फिलहाल सेंसर बोर्ड की तमाम गाइडलाइन के तहत पठान को लेकर सर्टिफिकेट की प्रक्रिया जारी है। मेकर्स को बोर्ड की ओर से गाने के बदलाव समेत कुछ सुझाव भी दिए गए हैं। उम्मीद है कि वह फिल्म की रिलीज से पहले ये बदलाव करके रिवाइस्ड वर्जन को जमा कराएंगे।

क्या पठान वाले बदलेंगे भगवा बिकिनी

प्रसून जोशी ने कहा कि सीबीएफसी हमेशा ही रचनात्कमता और संवेदनशीलता के संतुलन का काम करती है। दर्शकों का भी बोर्ड से यही विश्वास जुड़ा है। हमासा भी यही भरोसा है कि हम आपस में बातचीत करके समाधान ढूंढें। अब सवाल ये है कि पठान के गाने को लेकर जो विवाद हुआ था क्या मेकर्स उसे बदलेंगे। ये गाना बेशर्म रंग ही है जिसमें दीपिका की बिकिनी पर बवाल हुआ था। अब देखना ये है कि क्या मेकर्स इस गाने में बदलाव करेंगे। फिलहाल मेकर्स ने इसे लेकर कोई जवाब नहीं दिया है।

मगर ट्रेलर अभी तक नहीं किया रिलीज

पठान अगले महीने 25 जनवरी को थिएटर में रिलीज होने वाली है। अभी तक मेकर्स ने केवल एक टीजर और दो गाने रिलीज किए हैं। रिलीज में काफी कम वक्त बचा है। ऐसे में दर्शक बेसब्री से ट्रेलर का इंतजार कर रहे हैं। कुछ जानकारों का कहना है कि मेकर्स बेशर्म रंग गाने पर मचे विवाद के बाद ट्रेलर को एडिट का काम कर रहे हैं। इसी के साथ कुछ रिपोर्ट्स का कहना ये भी है कि पठान का ट्रेलर न्यू ईयर पर रिलीज हो सकता है।

कैंसर से जूझ रहीं रोजलिन खान को सुनने पड़े भद्दे ताने तो छलका दर्द- धर्म से मत जोड़ो

मुंबई, ईएमएस। सविता भाभी और जी लेने दो एक पल जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं मॉडल रोजलिन खान इस समय बहुत ही मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। रोजलिन खान ने खुलासा किया कि वह ओलिगोमेटास्टेटिक कैंसर से जूझ रही हैं, जिसका फिलहाल इलाज चल रहा है। कैंसर के कारण उन्होंने अपने सारे बाल भी गंवा दिए हैं। रोजलिन एक तरफ कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की चपेट में हैं और दूसरी ओर इस वजह से कुछ लोग उन्हें घटिया ताने मार रहे हैं। इसे लेकर रोजलिन खान का हाल ही एक इंटरव्यू में दर्द छलका। रोजलिन खान ने बताया कि कैंसर का खुलासा करने के बाद से उन्होंने लोगों के कितने घटिया ताने सुने। Rozlyn Khan ने एक अंग्रेजी दैनिक से अपनी कैंसर की बीमारी को लेकर बात की और बताया कि इस समय वह कैंसर की चौथी स्टेज में हैं। उनका कैंसर रीढ़ की हड्डी तक फैल चुका है। रोजलिन खान ने बताया कि जब उन्होंने कैंसर के बारे में सोशल मीडिया पर बताया तो लोगों का कैसा रिएक्शन था।



कैंसर पर छलका रोजलिन खान का दर्द

रोजलिन खान ने कहा, मैं इस बारे में बताना चाहती थी कि मुझे कैंसर हुआ है। इसलिए मैंने इस बारे में सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया था। इंडिया में कैंसर को लेकर काफी स्टिग्मा है। लोग इसे कलंक मानते हैं। तीसरे कीमो थैरपी सेशन में मेरे सारे बाल चले गए। लेकिन लोगों का रिएक्शन बहुत अलग था।

लोगों की घटिया बातें- तुम्हारे पिछले जन्म का पाप है

रोजलिन खान ने आगे बताया कि जब उन्होंने कैंसर के बारे में सोशल मीडिया पर लिखा तो लोगों ने उन्हें बहुत ही घटिया और भद्दी बातें बोलनी शुरू कर दीं। लोगों ने लिखा, कैंसर तुम्हारे कर्मों का फल है। ये तुम्हारे पिछले जन्म का पाप है। मैंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर इसी तरह के घटिया कमेंट देखे। लेकिन हमें इस बीमारी के प्रति लोगों को जागरुक करना होगा। उन्हें समझाना होगा कि इसे धर्म से या फिर रूढ़िवादी सोच से न जोड़ें। हम लोग कोविड 19 की तो बात करते हैं, लेकिन कैंसर की बात नहीं करते। लोग अभी भी यह मानते हैं कि कैंसर एक इंसान से दूसरे इंसान में फैलती है। अगर हम एक महिला की पहचान और उसकी कद्र उसके लंबे बालों से करते हैं तो फिर हम किस तरह के समाज में रह रहे हैं? हम एक महिला के शरीर या उसके बालों को ज्यादा तवज्जो देते हैं। कोई भी नहीं चाहता कि उसे कैंसर हो।

'उम्मीद है मेरी जीत से महिलाएं और बच्चे प्रेरित होंगे'

मुंबई,ईएमएस। 21 साल बाद मिसेज वर्ल्ड का खिताब भारत के नाम करने वालीं सरगम कौशल ने उम्मीद जताई है कि उनकी जीत महिलाओं और बच्चों को अपने सपने पूरे करने की दिशा में बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। जम्मू में जन्मीं मॉडल सरगम को 17 दिसंबर को अमेरिका के लॉस एंजिलिस में आयोजित सौंदर्य प्रतियोगिता में विजेता घोषित किया गया। वर्ष 2001 में मॉडल-अभिनेत्री अदिति गोवित्रिकर के बाद वह यह खिताब पाने वाली पहली भारतीय महिला हैं। सरगम ने एक साक्षात्कार में कहा, 'मैं ईश्वर की शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मुझे बदलाव का माध्यम और प्रेरणास्रोत बनने का अवसर प्रदान किया। यह अन्य महिलाओं और बच्चों को प्रेरित करने का रास्ता है। यह सम्मान बहुत बड़ी जिम्मेदारी लेकर आया है। मुंबई में रहकर मॉडलिंग कर रहीं सरगम ने चित्रकार, कंटेंट राइटर, शिक्षक सहित विभिन्न कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता ने मॉडलिंग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, 'पहले दिन से ही मेरे पिता ने मॉडलिंग या सौंदर्य प्रतियोगिता को कमतर करके नहीं देखा। उनका मानना था कि यह खूबसूरत है... वह जब भी सुष्मिता सेना, ऐश्वर्या राय बच्चन या किसी और 'ब्यूटी क्वीन को देखते थे, तो कहते थे कि मैं चाहता हूं कि मेरी बेटी भी कुछ ऐसा ही करे।

अर्शदीप, रेणुका और यस्तिका आईसीसी इमर्जिंग क्रिकेटर की दौड़ में

दुबई, एजेंसी। भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को बुधवार को मार्को जेनसन, फिन एलेन और इब्राहिम जादरान के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साल के उभरते हुए (इमर्जिंग) क्रिकेटर पुरस्कार के लिए नामित किया गया। आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा कि इन पुरस्कारों के लिए वोटिंग जनवरी में शुरू होगी। महिला वर्ग में भारत की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और बल्लेबाज यस्तिका भाटिया के अलावा ऑस्ट्रेलिया की डार्सी ब्राउन, इंगलैंड की एलिस कैप्सी को इस पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। अर्शदीप को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के छह महीने से भी कम समय में इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। उन्होंने 21 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 18.12 की औसत से 33 विकेट चटकाए हैं। अर्शदीप ने हाल में भारत के न्यूजीलैंड दौरे के दौरान एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भी पदार्पण किया। अर्शदीप ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बेहद कम समय में कुछ यादगार प्रदर्शन किए जिसमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान के खिलाफ बेहद दबाव वाले टी20 विश्व कप मैच में प्रभावी प्रदर्शन भी शामिल है। वहीं, दाएं हाथ की तेज गेंदबाज रेणुका को सीमित ओवरों के दोनों प्रारूपों में इस साल 29 मैच में 40 विकेट चटकाने के बाद इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया। छब्बीस साल की रेणुका एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में अधिक प्रभावी रही हैं, जहां उन्होंने 14.88 के औसत से 18 विकेट चटकाए हैं।

टी20 विश्व कप: शिखा पांडे की टीम में वापसी

नयी दिल्ली, ईएमएस। अनुभवी तेज गेंदबाज शिखा पांडे ने दक्षिण अफ्रीका में अगले साल होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए बुधवार को भारत की 15 सदस्यीय टीम में वापसी की। महिला टी20 विश्व कप 10 से 26 फरवरी तक खेला जाएगा। शिखा ने भारत की ओर से पिछला मैच अक्तूबर 2021 में खेला था जिसके बाद उन्हें विवादास्पद हालात में टीम से बाहर कर दिया गया था। भारतीय टीम की अगुआई हरमनप्रीत कौर करेंगी जबकि स्मृति मंधाना उप कप्तान होंगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका में होने वाली त्रिकोणीय शृंखला के लिए भी टीम की घोषणा की। भारत, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच त्रिकोणीय शृंखला 19 जनवरी से शुरू होगी।

टी20 विश्व कप के लिए टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यस्तिका भाटिया, ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, अंजलि सरवानी, पूजा वस्त्रकार, राजेश्वरी गायकवाड़ और शिखा पांडे।

त्रिकोणीय शृंखला के लिए टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, यस्तिका भाटिया, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, सुषमा वर्मा, अमनजोत कौर, पूजा वस्त्रकार, एस मेघना, स्नेह राणा और शिखा पांडे।

अकेले-अकेले जंगल के नजारों का लुत्फ उठा रहीं कटरीना, फैंस ने पूछा- विक्की को कहां छोड़ दिया.

मुंबई,ईएमएस। साल 2022 को विदा और नए साल का स्वागत करने के लिए साउथ से लेकर बॉलीवुड तक के कई सेलेब्स छुट्टियां मनाने निकले हैं। इस लिस्ट में बॉलीवुड के क्यूट कपल कटरीना कैफ और उनके पति विक्की कौशल भी शामिल हैं।कटरीना और विक्की कौशल न्यू ईयर की छुट्टियां राजस्थान में बिता रहे हैं। इस दौरान अभिनेत्री ने अपनी कई तस्वीरें फैंस के साथ साझा कीं।कटरीना ने फैंस के साथ अपना फोटो शेयर किया, जिसमें वह बेहद ही खूबसूरत लगीं। उन्हें जंगल में तेंदुए से लेकर हिरण तक देखने को मिले, जिनकी तस्वीरें उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर साझा कीं। कटरीना ने कैप्शन में लिखा, एकदम जादुई। मुझे लगता है यह मेरी पसंदीदा जगहों में से एक है।

साउथ अफ्रीका की हार से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के और करीब पहुंची टीम इंडिया

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया ने बॉक्सिंग डे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को पारी और 182 रनों से हरा दिया है। टीम की इस जीत का फायदा आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में भारत को हुआ है। टेबल में टॉप-2 पर रहने वाली टीमों के बीच फाइनल मुकाबला होगा।ऑस्ट्रेलिया ने बॉक्सिंग डे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को एक पारी और 182 रनों से हरा दिया है। मेलबर्न में खेले गए मुकाबले की दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका की टीम 204 रनों पर आउट हो गई। इससे पहले टीम की पहली पारी 189 रनों पर सिमट गई थी। ऑस्ट्रेलिया ने डेविड वॉर्नर के दोहरे शतक की मदद से 575 रन बनाए थे। इस हार के बाद दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट चैंपियनशिप टेबल में एक स्थान का नुकसान हुआ है।इस सीरीज के शुरू होने से पहले दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरे और भारत चौथे नंबर पर था। अब भारत दूसरे और दक्षिण अफ्रीका चौथे नंबर पर है। भारत के 14 मैचों में भारत के 99 पॉइंट हो गए हैं। टीम 58.93 पर्सेंटेज के साथ टेबल में दूसरे नंबर पर है। दक्षिण अफ्रीका के 12 टेस्ट के बाद 50 पर्सेंटेज हैं। ऑस्ट्रेलिया 78.57त्न के साथ टॉप पर बना हुआ है। टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल टेबल में टॉप पर रहने वाली दो टीमों के बीच होगा।इस बार आईसीसी ने पॉइंट्स सिस्टम में थोड़ा बदलाव किया है। इस बार मैच जीतने पर 12 अंक दिए जाएंगे। मैच टाई होने पर 6, ड्रॉ होने पर 4 और हारने पर कोई अंक नहीं मिलेगा। वहीं पर्सेंटेज ऑफ पॉइंट्स की बात करें तो जीतने पर 100, टाई पर 50, ड्रॉ रहने पर 33.33 और हारने पर कोई पॉइंट्स नहीं मिलेगा। टीमों को पर्सेंटेज ऑफ पॉइंट्स के आधार पर तय किया जाएगा।

जबलपुर कॉरपोरेशन की महिला टीम ने जीता कबड्डी खिताब

जबलपुर, यशभारत। नेहरू युवा केंद्र जबलपुर द्वारा स्थानीय रानी ताल खेल परिसर पर आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत जबलपुर कॉरपोरेशन ने महिला वर्ग में जबलपुर एकैडमी पनागर विकासखंड को आसानी से हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया। वहीं पुरुष वर्ग में गोसलपुर ने जबलपुर एकेडमी को हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया । इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन विनय सक्सेना विधायक उत्तर मध्य क्षेत्र के मुख्य आथित्य में प्रारंभ किया गया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ अमित साहू डायरेक्टर विक्रमादित्य महाविद्यालय प्रदीप जटिया संयोजक जबलपुर कबड्डी संघ खेल अधिकारी आशीष पांडेय मचसीन थे। प्रतियोगिता में जहां महिला वर्ग में कॉरपोरेशन ने वर्धा घाट को एकेडमी ने रानीताल स्पोर्ट्स को हराकर फाइनल में प्रवेश किया वही पुरुष वर्ग में गोसलपुर ने आमा हिनौता को जबलपुर एकेडमी ने रानीताल स्पोर्ट्स को हराकर फाइनल में प्रवेश किया द्य समापन समारोह के मुख्य अतिथि उप महाधिवक्ता विवेक शर्मा डॉ अमित साहू प्रदीप जटिया खेल अधिकारी आशीष पांडे दीपक साहू सरपंच सगोली श्रीमती प्रीति गुप्ता उपस्थित रहे जिनके द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए आज के कबड्डी रस्साकशी एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम का संचालन मध्य प्रदेश कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष सानू यादव एवं नेहरू युवा केंद्र के अतुल पांडे ने किया मैचों को संपन्न कराने में शानू यादव की अगुवाई में पुष्पा रघुवंशी परमूलाल यादव मनजीत सामल, दिनेश तिवारी संजय पांडे, रेखा गौड़, राजेंद्र यादव ,धनीराम ने बखूबी निभाई।

साउथ एक्ट्रेस धन्या ने बालाजी मोहन के साथ गुपचुप रचाई शादी, एक साल बाद हुआ खुलासा

मुंबई, एजेंसी। ऐसा लग रहा है इन दिनों सिनेमा जगत में गुपचुप शादी रचाने का दौर चल रहा है। जहां अभी कुछ दिनों पहले टीवी की चहेती गोपी बहू ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड शाहनवाज शेख से शादी कर सबको चौंका दिया था। वहीं अब खबर आ रही है कि कन्नड़, मलयालम और तमिल फिल्मों में अपने एक्टिंग का जलवा दिखा चुकीं धन्या बालकृष्ण ने भी गुपचुप शादी रचा ली है। अभिनेत्री ने फिल्म निर्देशक बालाजी मोहन के साथ सात-फेरे लिए हैं। लेकिन इस बात का खुलासा कोर्ट में हुआ...।

पिछले काफी दिनों से साउथ फिल्मों की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक धन्या बालकृष्ण अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री का नाम निर्देशक बालाजी मोहन से लगातार जुड़ रहा था। दरअसल, निर्देशक की पूर्व पत्नी कल्पना गणनेश दावा कर रही थीं कि उन्होंने एक्ट्रेस धन्या बालकृष्ण संग गुपचुप शादी रचा ली है। इन आरोपों को लगता देख अब निर्देशक ने जवाब देते हुए अपनी शादी और निजी जीवन के बारे में सार्वजनिक रूप से बोलने से रोकने के लिए मद्रास उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। इस याचिका के दायर होते ही धन्या और बालाजी की शादी की सच्चाई भी सामने आ गई है।

कोर्ट में दायर की गई इस याचिका में बालाजी मोहन ने कहा है कि उन्होंने एक साल पहले ही धन्या बालकृष्ण से शादी रचा ली थी, जिसके बाद अब उनका रिश्ता सार्वजनिक हो गया है। बालाजी मोहन ने अपनी पहली पत्नी से तलाक लेने के बाद धन्या से शादी की थी। सामने आई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बालाजी मोहन ने टीवी एक्ट्रेस कल्पना गणेश के खिलाफ उनकी निजी जिंदगी के बारे में अपमानजनक बयान देने को लेकर याचिका दायर की है। उन्होंने याचिका में कहा, मैंने हाउ आई फॉल इन लव, मारी और मारी 2 जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। मैंने धन्या बालकृष्ण से शादी की है, जिन्होंने 7 आम अरिवु और राजा रानी जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। वेब सीरीज में काम करने वाली तेलंगाना की अभिनेत्री कल्पना गणेश ने हमारी शादी और निजी जिंदगी को लेकर बदनाम करने के लिए यूट्यूब पर वीडियो जारी किया है। उन्होंने इसे सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है।

निर्देशक के द्वारा दायर की गई इस याचिका पर सुनवाई करने वाले जज ने कल्पना को बालाजी मोहन और धन्या की निजी जिंदगी के बारे में बयान न देने का आदेश दिया है। अभिनेत्री को सख्ती से इस आदेश का पालन करने के लिए भी कहा गया है।

नई बस्ती क्षेत्र में चड्डा कॉलेज के पीछे की जा रही प्लाटिंग का दृश्य। यहां तीन दिन पहले दीवार ढहाकर बनाया गया रास्ता ब्लाक किया गया है। दूसरे चित्र में प्लाटिंग के लिए बनाई जा रही सड़क।

प्रशासन एक्टिव: 8 एकड़ की अवैध प्लाटिंग पर चली जेसीबी, अब चड्डा कॉलेज के पीछे नजर

कटनी, यशभारत। अवैध प्लाटिंग को लेकर शोर मचने के बाद प्रशासन एक्टिव हो गया है। कलेक्टर अवि कुमार द्वारा कल भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई की बात कहने के बाद आज नगर निगम कमिश्नर सत्येंद्र सिंह धाकरे ने यशभारत से बातचीत में कहा कि अवैध प्लाटिंग करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन और नगर निगम की मुहिम कल बिरसामुंडा वार्ड से शुरू भी हो चुकी है। नगर निगम आयुक्त ने इसके लिए टीम भी गठित कर दी है जो मौका मुआयना करने के बाद सीधी कार्यवाही कर रही है। इस बीच उन्होंने कहा कि नई बस्ती में चड्डा कॉलेज के पीछे 4 एकड़ में की जा रही अवैध प्लाटिंग की जांच कराएंगे। इस प्लाटिंग में ऐसे लोगों के नाम सामने आए हैं जो एक राजनैतिक दल के पदाधिकारी भी हैं।

किसी भी सूरत में नहीं बख्शेंगे भू-माफिया को- कमिश्नर

यशभारत द्वारा लगातार अवैध कब्जों और प्लाटिंग को लेकर चलाई जा रही मुहिम को प्रशासनिक अधिकारियों ने संज्ञान में लिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश भर में माफियाराज के खिलाफ मुहिम छेड़ चुके हैं। कलेक्टर को भी सीधे निर्देश हैं कि जमीनों पर टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग, नगर निगम एवं नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के नियमों की डंके की चोट पर धज्जियां उड़ाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा न जाए। खबर है कि चड्डा कॉलेज के पीछे नई बस्ती में 4 एकड़ जमीन में प्लाटिंग करने की पूरी तैयारी कर ली गई है। पिछले दिनों रास्ता बनाने के लिए एक मकान की बाउंड्रीवाल तोड़े जाने को लेकर यहां विवाद पैदा हुआ था, जिसे आपसी समझौते में निपटाने की खबर अवश्य सामने आई, किन्तु प्लाटिंग के लिए जो तैयारी की गई है उस पर प्रशासन का ध्यान जाना जरूरी है। जाहिर कि शहर में अनेक अवैध कॉलोनियां ऐसी हैं जिनमें मकान और प्लाट खरीदकर लोग फंस चुके हैं। ऐसी कॉलोनियों में सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं अवैध कालोनाइजर उपलब्ध नहीं करा पाता। अगर ऐसी कालोनियों को बसने दिया गया तो फिर लोग परेशान होंगे।

यशभारत लगातार

8 एकड़ में हटा कब्जा

नगर निगम के अधिकारियों ने कल वार्ड क्रमांक- 02 बिरसामुंडा वार्ड में की जा रही अवैध प्लाटिंग के ठिकाने को नेस्ताबूत किया। यहां प्लाटों को अलग करने के लिए सड़कें बना दी गई थीं जिसे नगर निगम की जेसीबी मशीन ने तोड़ दिया। इस कार्यवाही के दौरान कार्यपालन यंत्री के.पी. शर्मा, क्षेत्रीय उपयंत्री रवि हिनौते, अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र पयासी सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही। बताया जा रहा है कि यहां भी प्लाटिंग के जरिये करोड़ों कमाने का खेल शुरू हो चुका था। उधर इस सिलसिले में नगर निगम आयुक्त का कहना है कि ऐसे मामलों में जमीन किसके द्वारा बेची गई, राजस्व रिकार्ड में इसकी जांच कराई जा रही है। साथ ही कालोनाइजर का पता लगाकर बिना अनुज्ञा कार्य करने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

बल्लभ नगर में भी सज गई अवैध प्लाटिंग की दुकान

शहर दूसरे हिस्सों के साथ ही पन्ना मोड़ से लगे बल्ल्भ नगर में भी अवैध प्लाटिंग की दुकान सज गई है। यहां भूमाफियाओं ने एक से दो एकड़ जमीन पर रोड रास्ता काटकर अवैध प्लाटिंग की तैयारी कर ली है। दलालों के माध्यम से लोगों को यहां सस्ती दर पर प्लाट उपलब्ध कराने के आफर दिए जा रहे हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बल्लभ नगर में सांई अपार्टमेंट के ठीक पीछे भूमाफियाओं के एक समूह ने भू-मालिक से एक से दो एकड़ जमीन पर अवैध प्लाटिंग करने का करार किया है। जमीन के आगे के हिस्से, बीच के हिस्से और पीछे के हिस्से तीनों ही हिस्सों में अलग-अलग रेट के प्लाट लोगों को उपलब्ध कराने का आफर दिए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बल्लभ नगर वैसे भी अवैध कालोनी में आता है और अब यहां एक बार फिर अवैध रूप से बसाहट को बढ़ाने का काम भूमाफियाओं के द्धारा किया जा रहा है।

सस्ते प्लाट के चक्कर में फंसते हैं लोग

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि शहर व उपनगरीय क्षेत्रों में कालोनाइजर्स लाइसेंस लेकर शासन की गाइड के लाइन के तहत प्लाटिंग व कालोनी बसाने वाले लोग अमूनन प्लाट व मकानों की कीमत इतनी अधिक रखते हैं कि वो मध्यम वर्गीय परिवारों के बजट में नहीं आता जबकि अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमाफिया प्लाटों की कीमत मध्यम वर्गीय परिवारों के बजट के अनुकूल रखते हैं। जिसके कारण ही अवैध प्लाटिंग करने का यह गोरखधंधा फल फूल रहा है।

दिव्यांग महिला को गोद में लेकर सीढ़ियों से उतरा आरपीएफ जवान

कटनी, यशभारत। मुड़वारा रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म क्रमांक 2, 3, 4 व 5 की सीढ़ियों में रैम्प न होने की वजह से वृद्ध व दिव्यांग यात्रियों को कितनी परेशानी होती है। इसका जीता जागता उदाहरण गतदिवस देखने को मिला। जब सीढ़ियां उतरने व चढ़ने में असमर्थ एक वृद्ध महिला यात्री को मदद की गुहार लगानी पड़ी। जब उसकी मदद किसी ने नहीं कि तो प्लेटफार्म में तैनात आरपीएफ जवान आशीष यादव ने मानवीयता दिखाई और वृद्ध महिला को गोद में उठाकर न केवल उसे सीढ़ियों से उतारा बल्कि उसको व्हील चेयर सहित ट्रेन पर चढ़ाया। आरपीएफ जवान के द्धारा दिखाई गई इस मानवीयता का वीडियो दूसरे यात्रियों ने बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल भी किया। आरपीएफ के जवान के इस काम की सोशल मीडिया पर जमकर सराहना हो रही है। गौरतलब है कि रेलवे के द्धारा कटनी मुड़वारा स्टेशन में ट्रेनों का स्टापेज तो दिया जा रहा है लेकिन यहां मूलभूत यात्री सुविधाओं में विस्तार नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण यात्रियों को तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता। यहां सबसे ज्यादा परेशानी वृद्ध व दिव्यांग यात्रियों को होती है। जिसके पीछे कारण यह है कि मुड़वारा स्टेशन के प्लेटफार्म 2, 3, 4 व 5 की सीढ़ियों में रैम्प नहीं है। ऐसे में वृद्ध व दिव्यांग यात्रियों को सीढ़ियां चढ़ने व उतरने में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो वृद्ध व दिव्यांग यात्री सीढ़ियां चढ़ते व उतरते समय दुर्घटना का भी शिकार हो जाते हैं। मुड़वारा स्टेशन पर मौजूद आरपीएफ जवान आशीष यादव ने देखा कि एक दिव्यांग बुजुर्ग महिला को सीढ़ियों से उतरने में तकलीफ हो रही है तो उसने तुरंत इस महिला को गोद में उठाया और सीढ़ियों से उतारकर ट्रेन तक पहुंचाया। बताया जाता है कि दिव्यांग महिला व्हीलचेयर पर थी और उसे प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेन पर बैठना था। उसने कुछ लोगों को मदद के लिए पुकार लगाई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे आरपीएफ जवान आशीष यादव ने मानवता दिखाते हुए बुजुर्ग महिला की पुकार को सुना। आशीष ने बुजुर्ग महिला को गोद में उठाकर सीढ़ियों से उतारकर ट्रेन तक पहुंचाया तथा व्हील चेयर भी नीचे तक उतारकर ट्रेन में चढ़ाई।

मुड़वारा रेलवे स्टेशन में दिखी रेल सुरक्षा बल की मानवीयता

रोशन नगर में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कटनी, यशभारत। एनकेजे थाना क्षेत्र के रोशन नगर में एक युवती ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम कराया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रोशन नगर निवासी गोकुल कोरी की 18 वर्षीय पुत्री हिमांशी कोरी ने घर में फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे फंदे पर झूलता पाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर जिला अस्पताल पहुंचाया साथ ही पीएम कराते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

गांजा तस्कर को 6 माह का सश्रम कारावास

स्लीमनाबाद के प्रकरण में जेएमएफसी न्यायालय ने सुनाई सजा

कटनी, यशभारत। अवैध रूप से गांजा रखने व बिक्री करने वाले आरोपी को न्यायालय ने सजा सुनाई है। न्यायालय अग्नीन्द्र कुमार द्विवेदी जेएमएफसी द्वारा आरोपी राजेश दुबे को छह माह के सश्रम कारावास से दंडित किया गया है। मीडिया सेल प्रभारी सुरेन्द्र कुमार गर्ग ने बताया स्लीमनाबाद में पदस्थ उपनिरीक्षक एस के झारिया को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी राजेश दुबे उसके कब्जे में पन्नी में मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने के लिये खड़ा है। थाने से पुलिस बल सूचना के मुताबिक आरोपी को तलाशने व कार्यवाही करने, थाने से विवेचना सामग्री लेकर राजेश की तलाश के लिए रवाना हुआ। आरोपी राजेश ग्राम देवरी स्लीमनाबाद में पकड़कर तलाशी ली गई तो उसके हाथ में रखी पन्नी के अंदर मादक पदार्थ 840 ग्राम गांजा पाया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। तत्पश्चात न्यायालय द्वारा आरोपी को दंडित किया गया। प्रकरण में पैरवी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा की गई।

सूचना

सूचित किया जा रहा है कि मैं मधु बाल्मीकी की उम्र 59 लखेरा विवेकानंद वार्ड कटनी की निवासी हूं तथा अविवाहित हूं। मेरे पिता स्व. जूजू लाल (जे.एल.) बाल्मीकी एमईएस कार्यालय में कार्यरत थे। उनके सर्विस रिकार्ड के दस्तावेजों में मेरा नाम मधु दर्ज किया गया है जो गलत है। मेरे आधार कार्ड क्रमांक 629086508406 एवं अंकसूची में मेरा नाम मधु बाल्मीकी दर्ज है। अतः मधु एवं मधु बाल्मीकी दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के हैं।

सूचना दाता- मधु बाल्मीकी

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft exel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

हाइवे पर आपस में टकराए ट्रक

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 के स्लीमनाबाद बायपास मार्ग पर गुरूवार की देरशाम दो ट्रक आपस में टकरा गए। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन हाइवे पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। बाद में दोनों ट्रकों को क्रेन से अलग करवाकर आवागमन सुचारू किया गया।

कलेक्ट्रेट की सुरक्षा में तैनात होमगार्ड जवान की हार्ट अटैक से मौत

कटनी, यशभारत। कलेक्टर कार्यालय में तैनात होमगार्ड जवान की बीती रात ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। सुबह चौकीदार ने उन्हें उठाया और जब वे नहीं उठे तो अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। अधिकारी जवान को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम सलैया फाटक निवासी एवं होम गार्ड में पदस्थ 58 वर्षीय कृष्ण कुमार दुबे कलेक्ट्रेट में सुरक्षा को लेकर बुधवार की रात को तैनात थे।

सुबह चौकीदार राजेन्द्र सिंह उन्हें उठाने पहुंचा तो वे नहीं उठे, जिसकी सूचना उन्होंने नाजिर सहित अन्य अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने होमगार्ड जवान को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि चिकित्सकों ने हार्टअटैक से मौत होना बताया है। जिला अस्पताल में शव का पीएम कराया गया। साथ ही विभाग के अधिकारी कर्मचारी शव लेकर उनके गृहग्राम पहुंचे, जहां विभाग की ओर से मिलने वाली तत्कालिक सहायता भी उनके स्वजनों को सौंपी गई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)